बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार




संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 224 | बुधवार 04 दिसंबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## नोएडा में धरने पर बैठे किसान गिरफ्तार

### संयुक्त किसान मोर्चा ने छह दिसंबर को दिल्ली कूच का किया एलान



**नोएडा।** नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल में धरना दे रहे किसानो को मंगलवार को पुलिस ने जबरन गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने के बाद किसानों को जेल में बंद कर दिया गया। सोमवार को दिल्ली कूच को निकले किसानों को आश्वासन दिया गया था कि सात दिन में मांग पूरी की जाएगी। सोमवार शाम को किसान एक्सप्रेसवे से हटकर दलित प्रेरणा स्थल पर धरना शुरू किया था।इस दौरान किसानों की गिरफ्तारी के चलते दलित प्रेरणा स्थल की ओर आने वाला ट्रैफिक रोका गया। पुलिस की कार्रवाई के चलते नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे दलित प्रेरणा स्थल के पास करीब 40 से 45 मिनट ट्रैफिक का संचालन बंद रहा, हालांकि इसके बाद यातायात का संचालन शुरू हुआ।

### उत्तर प्रदेश में दिव्यांग बच्चों के विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता

## मुख्यमंत्री योगी ने जताई चिंता



**लखनऊ।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 तक प्रदेश में केवल सात से आठ लाख दिव्यांगजनों को हर माह 300 रुपये पेंशन मिलती थी। छह महीने में एक बार पेंशन आती थी तो उसका आधा पैसा बाबू खा जाता था। हमने पेंशन की राशि को 300 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये किया है। आज 11 लाख दिव्यांगजन प्रदेश के अंदर 12 हजार रुपये सालाना पेंशन की सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पैसा उनके खाते में सीधे जाता है और बीच की मध्यस्थता गायब है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दो दिव्यांग विश्वविद्यालय हैं। दृष्टिबाधित, मूक बधिर व अन्य श्रेणी के दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, जिससे हमारे दिव्यांगजनों की पूरी प्रतिभा का लाभ समाज, देश और दुनिया ले सके। वहां अच्छे मानदेय और सुविधाओं के साथ शिक्षक तैनात किए जाएं, जो तकनीक के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को सक्षम बना सकें।योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांग शब्द देकर उनको सम्मान देते हुए एक नई प्रेरणा प्रदान की है। भगवान श्रीकृष्ण पर लिखी गई रचना महाकवि सूरदास के बिना पूरी नहीं हो सकती है। ब्रह्मांड की थ्योरी को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने वाले भौतिक विज्ञानी स्टीफन हाकिन्स, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य सहित ऐसे अनेक उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्हें मंच और समाज का थोड़ा प्रोत्साहन और संबल मिला तो उन्होंने अपनी प्रतिभा का लाभ देश, दुनिया व मानवता को दिया है। यह साबित किया है कि वह किसी से कम नहीं हैं। पेरिस पैरा ओलंपिक में हमारे दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। थोड़ा अवसर मिले तो दुनिया का कोई क्षेत्र नहीं जहां वह अपनी प्रतिभा का लोहा न मनवा सकें। विश्व दिव्यांग दिवस इसी दृष्टिकोण को अपनाने के लिए समाज को नई प्रेरणा प्रदान करने का एक माध्यम है।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें




संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं.:-9911733939




## [सुविचार]




## यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर के खिलाफ याचिका, SC ने जताई सहमति



**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपपत्र और कार्यवाही को रद करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इस आदेश को चुनौती दी गई है। जिस पर रउ ने सहमति जताई है और जल्द ही मामले की अगली सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने 2 दिसंबर को याचिकाकर्ता राज खान द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई की अनुमति दे दी और दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को अंतिम बहस के लिए स्थगित कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल और अधिवक्ता तन्वी दुबे द्वारा प्रस्तुत याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यूपी गैंगस्टर अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर निराधार है और पिछली एफआईआर के कारण सामने आई है।याचिका में कहा गया कि एफआईआर दर्ज करना कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है और याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम लगाना पक्षपातपूर्ण है तथा यह पुलिस और न्यायिक तंत्र का दुरुपयोग है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के समक्ष शिकायत दर्ज कराने के बाद व्यक्तिगत प्रतिशोध के कारण कार्यवाही शुरू की गई।याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना और कार्यवाही शुरू करना प्रथम दृष्टया दुर्भावनापूर्ण है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत रंजिश के कारण प्रतिशोध लेना है। इस बात पर जोर दिया गया कि याचिकाकर्ता का उक्त मामले के अलावा कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है तथा गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्यवाही संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के उसके अधिकार का उल्लंघन है। याचिका में अदालत से आरोपपत्र और सभी संबंधित कार्यवाही को रद करने का आग्रह किया गया है तथा दावा किया गया है कि उनके खिलाफ मामला वक्फ प्रशासन के भीतर भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी असहमति को दबाने की एक चाल है। न्यायालय ने कहा, उच्च न्यायालय यह विचार करने में विफल रहा कि याचिकाकर्ता जो एक निर्दोष नागरिक है, धोखाधड़ी, गलत कामों और वक्फ संपत्तियों से प्राप्त आय के दुरुपयोग के खिलाफ आवाज उठाने के कारण बदमाशों के हाथों शिकार बन गया है।

## जयशंकर का बयान राष्ट्रीय सुरक्षा के बिना निवेश के फैसले जोखिम भरे हो सकते हैं।



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि निवेश संबंधी निर्णयों सहित आर्थिक फैसलों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा का फिल्टर लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह टिप्पणी चीन की आक्रामक व्यापार शैली के प्रति बढ़ती वैश्विक चिंता के बीच की।सीआइआइ पार्टनरशिप समिट, 2024 को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, "अगर हम हथियारीकरण के युग में नहीं हैं तो हम तेजी से लाभ उठाने के युग में हैं। इसलिए नीति निमार्ताओं को निवेश सहित आर्थिक निर्णयों के मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा के फिल्टर लगाने होंगे। यह प्रवृत्ति पूरे विश्व में है और यदि हम इसे नजरअंदाज करेंगे तो यह हमारे लिए ही खतरनाक होगा।" जयशंकर ने कहा कि व्यापार में सावधानी बरती जानी चाहिए क्योंकि विश्व में वाणिज्य और आपूर्ति श्रृंखला की प्रकृति ऐसी है कि परंपरागत सावधानियां हमेशा पर्याप्त नहीं होतीं। ट्रंप 2.0 के संबंध में विदेश मंत्री ने कहा कि पहले ट्रंप प्रशासन के साथ विभिन्न देशों के अपने अनुभव रहे हैं और दूसरे कार्यकाल के लिए वे उन्हीं अनुभवों से प्रेरणा लेंगे। जहां तक भारत का संबंध है तो वह विश्वास से कह सकते हैं कि अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग समय के साथ सिर्फ गहरा ही हुआ है। उन्होंने व्यापक वातावरण बनाया है जिसमें सहयोग की अधिक संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं।वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नई प्रौद्योगिकियों के प्रभाव के बारे में जयशंकर ने कहा कि दुनिया आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस (एआइ) के दौर में प्रवेश कर रही है और एआइ क्रांति हमारे जीवन जीने, कार्य करने एवं यहां तक की सोचने के तरीके को बदलने जा रही है। वर्तमान वैश्विक वातावरण की जटिलताओं को लेकर उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के नए समीकरण मजबूत भागीदारी की मांग करते है। साथ ही कहा कि अमेरिका-चीन के टकराव ने एक ऐसा महत्व प्राप्त कर लिया है जिसकी कुछ वर्ष पहले तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

### संक्षिप्त समाचार

### हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर शेख हसीना ने दिया बयान



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का दौर जारी है। देश में हुए तख्तापलट के बाद से शेख हसीना भारत में है। अब शेख हसीना ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मुहम्मद यूनुस पर सामूहिक हत्याओं और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार के जिम्मेदार मुहम्मद यूनुस हैं। न्यूयॉर्क में अवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए,हसीना ने मंदिरों, चर्चों और धार्मिक संगठन इस्कॉन पर लगातार हमलों के लिए यूनुस की आलोचना की। शेख हसीना ने कहा, मुझ पर सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया गया है। लेकिन इन हमलों के मास्टरमाइंड मुहम्मद यूनुस हैं।शेख हसीना ने कहा कि आज, टीचर्स, पुलिस, नेता सभी पर हमले किए जा रहे हैं। हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों को निशाना बनाया जा रहा है। 11 चर्च और कई मंदिरों पर हमले किए गए हैं। इस्कॉन पर हमला किया गया। उन्होंने यूनुस सरकार से सवाल करते हुए कहा, अब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना क्यों बनाया जा रहा है? शेख हसीना ने कहा कि आज, टीचर्स, पुलिस, नेता सभी पर हमले किए जा रहे हैं। हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों को निशाना बनाया जा रहा है। 11 चर्च और कई मंदिरों पर हमले किए गए हैं। इस्कॉन पर हमला किया गया। उन्होंने यूनुस सरकार से सवाल करते हुए कहा, अब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना क्यों बनाया जा रहा है?

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के कानून को SC में चुनौती:-CJI



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए गठित समिति से सीजेआई को बाहर रखने के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। बताया जा रहा है कि अब शीतकालीन अवकाश के बाद इस मामले को किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। दरअसल, न्यायमूर्ति संजय कुमार के साथ पीठ पर बैठे सीजेआई ने जनहित याचिका दायर करने वालों के वकीलों से कहा कि वह अभी याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर सकते।वहीं, इस मामले में सीजेआई के हवाले से बार एंड बेंच ने जानकारी देते हुए कहा ₹इस मामले को ऐसी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करें जिसका मैं हिस्सा नहीं हूं₹। इसी के साथ उन्होंने निर्देश दिया कि मामले को जनवरी 2025 में अगली बार सूचीबद्ध किया जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को हो सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन और वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पिछली पीठ ने इस मामले में अंतरिम आदेश पारित किया था। इस मामले को शीतकालीन अवकाश के बाद सूचीबद्ध करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति खन्ना, पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के पद छोड़ने के बाद 51वें सीजेआई बने हैं। जानकारी दें कि एक गैर सरकारी संगठन सहित कई लोगों ने इसकी वैधता को चुनौती दी है और मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 7 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग की है, जो मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को चुनने वाले पैनल से सीजेआई को बाहर रखता है।

## केंद्र सरकार के मंत्री पर क्यों भड़के ओम बिरला?



**नई दिल्ली।** मंगलवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से नाराज हो गए। दर असल, अर्जुन राम मेघवाल शून्यकाल शुरू होने से पहले कार्यसूची में तमाम मंत्रियों के नाम से मौजूद दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे थे। इसी दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने उनके इस व्यवहार पर आपत्ति जताई।लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने ने नाराजगी जताते हुए कहा कि संसदीय कार्य राज्य मंत्री जी यह प्रयास करो कि जो मंत्री का नाम सदन पटेल पर रखा है, वह उपस्थित रहे... नहीं तो फिर आप ही दे दो सब के जवाब। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के इस बयान के बाद लोकसभा में खूब हंसी के ठहाके लगे। सोशल मीडिया पर भी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

## राहुल गांधी को संभल में नहीं मिलेगी एंट्री



**संभल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बुधवार को संभल आने का कार्यक्रम है। हालांकि अभी इसकी ऑफिशियल सूचना नहीं आई है। संभल के डीएम ने गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर को लेटर लिखा है। बुलंदशहर और अमरोहा के एसपी को भी लेटर भेजा है। डीएम ने कहा कि राहुल को के मूवमेंट पर नजर रखा जाए और उन्हें अपने जिले की सीमा में रोकने की व्यवस्था की जाए।

इधर, मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर आंजनेय सिंह ने राहुल गांधी से अपील की है कि अभी वह संभल नहीं आएं। कमिश्नर ने कहा- शहर में अभी तनाव है। डीएम ने 10 दिसंबर तक बाहरी लोगों के संभल आने पर प्रतिबंध लगाया है। नेता विपक्ष राहुल गांधी से निवेदन किया जा रहा है कि अभी अपना कार्यक्रम रद्द कर दें। वहीं, संभल हिंसा पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- जो लोग (भाजपा) जगह-जगह 'खोद देना' (सर्वे करना) चाहते हैं, वो देश का सौहार्द भी खोद देंगे।

यह सोची-समझी रणनीति है, जिसके तहत भाजपा जगह-जगह पर इस तरह का काम कर रही है। दिल्ली में संसद के बाहर अखिलेश ने कहा- संभल में सरकार के इशारे पर अफसर मनमानी कर रहे हैं। प्रशासन का इस तरह का व्यवहार कभी देखने को नहीं मिला। कम से कम वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

उन्होंने कहा- जिस दिन से सदन शुरू हुआ है, उस दिन से हमारी पार्टी ने संभल पर चर्चा की मांग की है। हमारी मांग अभी भी वही है कि सदन में हम संभल को लेकर चर्चा हो। हम हमारी बात रखना चाहते हैं। वहीं, रामगोपाल यादव ने कहा कि संभल में पुलिस ने गोली चलाई।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं तो दिल्ली आना ही पसंद नहीं करता



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। क्या आम क्या खास सभी पर बढ़ते हुए वायु प्रदूषण का असर देखने को मिल रहा है। इस बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि उनको राजधानी दिल्ली में आने का मन ही नहीं करता है। उन्होंने यह भी माना कि जब भी वह दिल्ली आते हैं, उनको अक्सर यहां संक्रमण हो जाता है। बता दें कि नितिन गडकरी नागपुर से सांसद हैं। दिल्ली में मुझे रहना पसंद नहीं केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजधानी दिल्ली एक ऐसा शहर है जहां मुझे रहना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे यहां प्रदूषण के कारण संक्रमण होता है। उन्होंने आगे कहा, हर बार मैं दिल्ली आता हूं तो ऐसा लगता है यहां नहीं आना चाहिए क्यों कि यहां पर इतना भयंकर प्रदूषण है प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्रीय मंत्री ने दिया सुझाव केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लगातार बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए एक सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने का सबसे अच्छा तरीका जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करना है। अगर ऐसा होता है कि प्रदूषण के स्तर में काफी कमी देखने को मिल सकती हैकेंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 22 लाख करोड़ रुपये मूल्य के जीवाश्म ईंधन का आयात करता है, जो अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और पारिस्थितिकी के दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण है। हम वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देकर जीवाश्म ईंधन के आयात को कम कर सकते हैं।

# 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के नारे के मर्म को समझा हिंदुसमाज ने



डॉ. आर.के. सिन्हा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनावों में मिली बड़ी जीत को 'एकता' तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दशार्ता था।**

महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों को लेकर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पाँच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक असफलताओं के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर लें। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनावों में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था , जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, 'एक हैं तो सुरक्षित हैं'। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था।

बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ.हिन्दू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी ( अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिंदू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।

मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिन्दू मतदाता जुड़े, क्योंकि; कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे , कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना( उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।

सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिन्दू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिन्दुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।

दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिन्दू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। पीएम मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थीः भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है।मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे का इस्तेमाल किया।

आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिन्दू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी जी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया। अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने 'सत्ता की लालसा में' पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनावों में मिली बड़ी जीत को 'एकता' तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दशार्ता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनावों में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है। यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने 'एक है तो सुरक्षित है' के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया है। इस नारे ने उन लोगों को हराया है जो समाज को जाति, धर्म, भाषा में बांटना चाहते थे और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को सजा दी है।


(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)




## संपादकीय

# इस चिंता के मायने

देश में जनसंख्या को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने फिर से बड़ा बयान दिया है, जो सोचनीय है। जनसंख्या में आ रही गिरावट को उन्होंने चिंता का विषय बताया। भागवत ने कहा किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर अगर 2.1 फीसद से नीचे चली जाती है तो वह अपने आप नष्ट हो जाता है। नागपुर के कठाले कुल सम्मेलन में कहा देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 के आस-पास तय की गई थी, जो कहती है जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 फीसद से नीचे नहीं होनी चाहिए। दो से तीन बच्चे होने चाहिए, क्योंकि समाज को जीवित रहना है। हाल ही में आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिंदुओं की जनसंख्या में 7.8 फीसद की कमी आई है। संघ प्रमुख का बयान इससे जोड़ा जा सकता है। वास्तव में देश में प्रजनन दर में लगातार गिरावट आ रही है। 1950 में जनसंख्या वृद्धि दर 6.2 फीसद थी, जो घटते हुए 2.2 फीसद पर जा चुकी है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है, सत्तर वर्षों में हमारी आबादी में एक अरब का इजाफा हुआ है। भौगोलिक दृष्टि से दुनिया का सातवां सबसे बड़ा देश भारत वर्तमान में आबादी के अनुसार पहला हो चुका है। बावजूद इसके कि 2011 के बाद से आधिकारिक तौर पर जनगणना नहीं हुई है। लगातार इस तरह की बयानबाजी हो रही है। नेशनल हेल्थ फैमिली सर्वे कहता है, देश के सभी धार्मिक समुदायों में प्रजनन दर कम होती जा रही है। इसका कारण सामाजिक-आर्थिक अधिक है, जिसके चलते दंपति कम बच्चे पैदा करने का निर्णय स्वयं ले रहे हैं। लंबे अरसे से सरकारों ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर व्यापक प्रचार किया है। अब जबकि आम जनता छोटे परिवार के लाभ को जीवन का हिस्सा बना चुकी है। अचानक राजनीतिक व अन्य लाभों के चक्कर में जनसंख्या वृद्धि को लेकर नया भ्रम फैलाया जा रहा है। बेतहाशा बढ़ती मंहगाई और रोजगार की कमी से त्रस्त जनता बड़े.परिवार का पालन करने सक्षम नहीं है। उसे तीन बच्चों के पालन के लिए बरगलाया नहीं जा सकता। क्योंकि जनसंख्या दर में गिरावट सिर्फ भारत में ही नहीं आ रही है। दुनिया के तमाम विकसित व विकासशील देशों की यह विकराल समस्या बन गई है। जहां लोग सिर्फ आर्थिक कारणों से ही नहीं बल्कि वैश्विक व पर्यावरणीय बदलावों के चलते भी बच्चे जनने को राजी नहीं हैं। हमारे यहां आम जन इतनी दूरदर्शी या विचारशील भले ही नहीं है, मगर वह किसी की बयानबाजी में आकर जनसंख्या वृद्धि को राजी भी नहीं होने वाली।



## चिंतन-मनन

# अनुभव का लाभ

एक विदेशी राजा ने भारत पर आप्रमण करना चाहा। उसने सोचा कि आप्रमण से पूर्व यह जान लेना चाहिए कि उस राजा के पास कोई बुद्धिमान व्यक्ति है या नहीं? उस राजा ने सुरमे की एक डिबिया देकर एक दूत भेजा। उस डिबिया में दो आंखों में ही लगाने लायक सुरमा था। वह सुरमा अंधे को आंख देने में समर्थ था। दूत आया। दूत ने कहा, दो आंखों में ही आ जाए, इस डिबिया में इतना-सा सुरमा है। हमें इसकी अधिक आवश्यकता है। आपके पास हो तो हमें दें। या इस सुरमे के आधार पर कोई व्यक्ति ऐसा ही सुरमा बना सके तो हम उस आदमी को अपने साथ ले जाना चाहेंगे।

राजा ने मंत्रियों से सलाह ली। किन्तु ऐसा सुरमा कौन बना सके? किसी को समाधान नहीं आया। राजा ने सोचा, एक बूढ़ा मंत्री था, जो अभी सेवानिवृत्त हुआ है, उससे पूछा जाए। राजा ने उसे बुला भेजा। वह अंधा हो गया था। वह आया। मंत्री ने डिबिया ली। एक आंख में सुरमा लगाया। कुछ ही क्षणों बाद उसे दिखने लगा। जो शेष सुरमा बचा था, उसे अपनी जीभ पर रख लिया। स्वाद से उसने सुरमे के सारे द्रव्यों का विश्लेषण कर लिया। घर जाकर वैसा ही सुरमा बनाया। परीक्षण के लिए अपनी दूसरी आंख में उसे लगाया। आंख खुल गई। उसने शेष सुरमा डिबिया में भरकर दूत से कहा, जाओ, अपने सम्राट से कहना कि ऐसा सुरमा जितना चाहे यहां से मंगा लें। दूत गया। सम्राट को वृत्तान्त सुनाया। सम्राट ने सोचा, जिस देश में ऐसे अनुभवी और वृद्ध रहते हैं, इतने बुद्धिमान मंत्री हैं, उस देश पर आप्रमण करना भयंकर भूल होगी।

# जहां देखो वहीं जंग, फिर सुरक्षित कौन




डॉ हिदायत अहमद खान



यह तो सच है कि दुनियां कभी भी जंग से खाली नहीं रही। पहले कभी राज-पाट को लेकर राजा-महाराजा आपस में भिड़ते थे, लेकिन उसके बाद जो दो विश्वयुद्ध हुए उसमें दुनियां दो हिस्सों में बंटती नजर आई। इसी के साथ लोकतांत्रिक सरकारों का शानदार उदय हुआ, जिससे उम्मीद जागी कि अब युद्ध जैसे हालात नहीं बनेंगे और मिल-बैठकर समस्याओं का समाधान निकाल लिया जाएगा। पर अफसोस कि दुनियां के अनेक देश गृहयुद्ध जैसी स्थिति में खुद से ही जंग करते देखे गए। इसके अलावा कभी अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को लेकर तो कभी वैश्विक नीतियों को लेकर जंग जारी रही। इससे और आगे बढ़ें तो कभी दुनियां में आर्थिक बादशाहत कायम करने को लेकर तो कभी हथियारों की मंडी को कब्जियाने को लेकर जंग होती देखी गई। अब हालात इस कदर बदतर हो चले हैं कि जहां नजरें दौड़ाइये बेबजह ही जंग होती नजर जा जाती है। इसी तारतम्य में लंबे समय तक ईराक जंग में रहा, क्योंकि उस पर जैविक हथियार बनाने और छुपाए रखने का अंदेशा था। इस कथित जुर्म में ईराक प्रमुख सद्दाम हुसैन को फांसी के फंदे तक पहुंचाने वाले अमेरिका को कहां चैन मिली? इसके बाद अनेक मोर्चों समेत अफगानिस्तान में तालिबान ने किस तरह अमेरिका को हार मिली, यह किसी से छुपा नहीं है। अफगानिस्तान में पहले रुस को पस्त करवा चुके अमेरिका को इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि उसे भी तालिबान से लड़ते-लड़ते एक दिन पस्त हो भागना पड़ सकता है। अपनी जिद की खातिर दूसरे देशों पर जंग लाजमी है जैसे हालात पैदा करने की कुनीति से दुनियां के अनेक देश दो-चार होते देखे गए। सीरिया का गृह युद्ध और उस पर अमेरिका और रुस जैसे देशों की कार्रवाई भी नजरअंदाज नहीं की जा सकती है। अब मौजूदा वक्त में मिडिल ईस्ट के इजराइल समेत लेबनान और ईरान भी लड़ते-भिड़ते नजर आ रहे हैं। हालांकि इजराइल के अलावा बाकी अन्य देश सीधे मोर्चे पर नहीं दिखते, लेकिन उनके मिलिटेंट ग्रुप जरुर अहम काम करते देखे जा रहे हैं। मानों इंसानीयत को ताक पर रख सभी मशीनी मानव एक-दूसरे के खून के प्यासे हो चले हैं। रूस और यूक्रेन की जंग को भी तीन साल होने को आ गए हैं, लेकिन कहीं से कोई शांति स्थापित होती दिखाई नहीं दे रही है, उल्टा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी बहुतायत में दी जा रही है। अफ्रीकी देशों में भी गृह युद्ध जारी हैं। इसी बीच उत्तर कोरिया अलग ही स्तर पर आक्रामकता दिखाता नजर आता है। उत्तर कोरिया के प्रमुख नेता किम जोंग उन तो सीधे हमले की धमकी देते दिखते हैं और अमेरिका के खिलाफ सीना तान खड़े नजर आ जाते हैं। कुल मिलाकर दुनिया में इस समय जहां जंग का माहौल है तो वहीं भारी राजनैतिक उठापटक भी जारी है। बांग्लादेश जैसे छोटे-छोटे देशों में भी सत्ता को लेकर जंग जारी है। इस समय दुनिया के कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है। हालात अस्थिर हैं इसलिए परमाणु हमले की भी आशंका जोर पकड़ती चली जा रही है। यह तो सभी जान रहे हैं कि यदि परमाणु युद्ध हुआ तो फिर संपूर्ण दुनियां के लिए चिंता की बात हो जाएगी। ऐसे में अनेक यूरोपियन देशों ने अपने नागरिकों के लिए सिविल प्रिपेयर्डनेस गाइडलाइन भी जारी की हैं ताकि इमरजेंसी जैसे हालात बनें तो वे सुरक्षित रह सकें। ऐसे हालात में उन देशों के कर्ता-धताओं पर हंसी आती है जो यह मानकर चल रहे हैं कि कहीं भी कोई भी, कैसी भी जंग छिड़ जाए, वे हमेशा सेफ रहने वाले हैं। एक तरफ बहुत से देश युद्ध से परेशान चल रहे हैं, वहीं अनेक देशों को इस बात से कोई सरोकार ही नहीं है। वे या तो यह मान रहे हैं कि युद्ध की विभीषिका उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती या फिर यह मान रहे हैं कि युद्ध इतना आगे नहीं जाएगा, कि उसकी आंच उन तक पहुंच जाए। ऐसे ही देशों को लेकर द कनवर्सेशन ने एक रिपोर्ट साझा की, जिसके अनुसार यूके और यूएस जैसे देश आकस्मिक युद्ध जैसे हालात के लिए किसी भी तरह से तैयार नहीं हैं। इन्हें मनोविज्ञान की भाषा में ऑप्टिमिज्म बायस बताया गया है। इस टेंडेंसी के लोग जरुरत से ज्यादा सकारात्मक सोच रखते हैं, इसलिए दुनियां जाए भाड़ में हमें क्या पड़ी वाला सिद्धांत पर ये काम करते रहते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया की स्टडी में तो यह भी पाया गया है कि यूएस, यूके और कनाडा के लोगों में सच्चाई से दूर भागने की हद तक आशावादिता है। वहीं दूसरी तरफ एशियाई देशों के लोग ज्यादा जमीनी और प्रैक्टिकली हैं। इसलिए लगातार चेताया जा रहा है कि युद्ध ठीक नहीं है, इसे रुकना ही चाहिए। ऐसे आशावादी देश यदि लगातार युद्ध को भड़काए रखने का काम नहीं कर रहे हैं तो शांति बहाली के प्रयास भी नहीं कर रहे हैं। यह भी एक तरह से दुनियां में युद्ध को प्रश्रय देने जैसा ही काम है। इसकी भी निंदा होनी ही चाहिए और कोशिश की जानी चाहिए कि जल्द से जल्द दुनियां युद्ध से शांति की ओर अग्रसर हो, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक ऐसा जहां हम सौंप कर जा सकें, जिसमें वो सुख-चैन के साथ न सिर्फ सांस ले सकें बल्कि बेहतर जीवन-यापन करते हुए विकास को गति प्रदान कर सकें।

# क्या टीएमसी, सपा और आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से किनारा करना चाहती है ?



अशोक भाटिया , मुंबई

सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक बैठक राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कमरे में हुई, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। हालांकि उस बैठक में तृणमूल कांग्रेस के सांसद नदारद रहे। इसकी आशंका पिछले शुक्रवार को ही हो गयी थी, जब चार दिन तक अडानी प्रकरण को लेकर संसद संसद का कामकाज बाधित रहा। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस को पहले ही पार्टी ने अपने रुख से अवगत करा दिया था। इस प्रकरण से कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के इरादे से बनाए गए इंडिया गठबंधन में बिखराव देखने मिल रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए कई मुद्दों को लेकर विपक्षी गठबंधन में आपसी सहमति नहीं बन पा रही है। एक तरफ जहां कांग्रेस चाहती है कि गौतम अडानी और ईवीएम के मुद्दे को सदन में उठाया जाए तो वहीं कई दल चाहते हैं कि ऐसे मुद्दों को सदन में उछाला जाए, जिसका जनता से सीधा सरोकार हो। सूत्रों ने कहा कि जब केवल कॉरपोरेट को लाभ होता है और चुनावी प्रक्रिया में खामियां हैं और विकल्पों को नकार दिया जाता है, तो यह लोगों का मुद्दा कैसे नहीं हो सकता है। इस बैठक में इंडिया ब्लॉक के संस्थापक सदस्य तृणमूल कांग्रेस ने हिस्सा न लेना ही एक बड़ा मुद्दा बन गया है । तीसरी बार बैठक में भाग न लेने वाली पार्टी का कहना है कि यह स्पष्ट हैं कि हम लोगों के मुद्दों पर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं।टीएमसी के मुताबिक, क्रोनी कैपिटलिज्म और ईवीएम जैसे मुद्दे लोगों को पसंद नहीं आते। पार्टी ने सवाल करते हुए कहा, ₹उन इलाकों को देखिए जहां राहुल गांधी ने प्रचार किया है। अगर उन्होंने जो कहा वह लोगों के लिए मायने रखता तो कांग्रेस क्यों हारी?₹

वहीं, टीएमसी, समाजवादी पार्टी (एसपी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे सहयोगी दल कांग्रेस के ईवीएम और क्रोनी कैपिटलिज्म के प्रति ₹जुनून₹ को लेकर उत्साहित नहीं हैं। जबकि कांग्रेस ने ह्यभारत जोड़ोह्न की तर्ज पर ह्यईवीएम जगाओ यात्राह्न की योजना बनाई है और इंडिया ब्लॉक पार्टियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है, उनमें से अधिकांश ने बहुत कम रुचि दिखाई है। कुछ लोगों ने यह भी पूछा कि क्या यह यात्रा उन राज्यों से होकर गुजरेगी जहां कांग्रेस ने चुनाव जीता है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने बीते रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार किया है।

टीएमसी का साफ कहना है कि उनकी पार्टी के सांसद जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं जिनमें- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, उर्वरक और मणिपुर हिंसा जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही सपा चाहती है कि इन मुद्दों के साथ-साथ संभल हिंसा को भी जोड़ दिया जाए। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा भी कि हमारे लिए अडानी से बड़ा मुद्दा किसान हैं और संभल हिंसा है।

इंडिया गठबंधन ब्लॉक में विभाजन के पीछे असली राजनीति भी छिपी है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में यह स्पष्ट है कि आप और कांग्रेस सहयोगी नहीं होंगे। बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस कभी एक दूसरे से सहमत नहीं हो सकते। यूपी में अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस खत्म हो चुकी है। दरअसल गठबंधन में शामिल दलों के अपने अलग-अलग मुद्दे हैं, लेकिन कांग्रेस सिर्फ अडानी प्रकरण पर प्रधानमंत्री को घेरने की कोशिश में लगी है। अन्य दलों को अब लग रहा है कि वे अपने मुद्दे को कांग्रेस के कारण सदन में नहीं उठा रहे हैं। सपा अपना फोकस यूपी पर करना चाहती है, लेकिन सदन नहीं चलने के कारण संभल सहित प्रश्न पत्र लीक प्रकरण को वह अब तक नहीं उठा पायी है। राजद भी बिहार से संबंधित कई मुद्दों को संसद में उठाना चाह रहा है। यही हाल डीएमके का भी बताया जा रहा है। सबसे ज्यादा समस्या उन सांसदों के सामने है, जो अब तक अपना मेडन स्पीच भी संसद में नहीं दे पाये है। पहली बार चुनकर आये कई सांसदों ने अपने-अपने दल के नेताओं से अपनी पीड़ा व्यक्त की है।

कांग्रेस के कई सांसद भी यह मानने लगे हैं कि संसद न चलने का ज्यादा नुकसान उन्हें ही हो रहा है। सरकार को कटघरे में खड़ा करने का समय उनके हाथ से निकल रहा है।क्योंकि सरकार से कोई सवाल नहीं पूछा जा रहा है और सरकार आंकड़ों में हेर-फेर कर सदन के बाहर देश को गुमराह कर रही है। जबकि संसद में सरकार की ओर से कोई आंकड़ा दिया जाता है, तो सरकार को उसके लिए उत्तरदायी ठहराया जाता है। सोमवार को जब लोकसभा अध्यक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलायी गयी, तो संविधान पर चर्चा भाग न लेने का विकल्प विपक्ष के पास नहीं था। कांग्रेस लोगों के बीच यह संदेश नहीं देना चाहती कि संविधान की रट लगाने वाले पार्टी संविधान पर होने वाली चर्चा में भाग लेने से पीछे हट रही है। यही कारण रहा कि संविधान पर चर्चा को लेकर सभी दलों ने हामी भरी, लेकिन संसद के सुचारू संचालन में अभी कई बाधाएं है, जिसे दूर करने की जरूरत होगी।

कुछ कांग्रेस सांसद तो अब यहां तक कहने लगे है कि प्रियंका गांधी के लोकसभा में आने से रणनीति में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। उनके मुताबिक प्रियंका ज्यादा प्रैक्टिकल हैं, वे वायनाड में भी जनता के ही मुद्दों पर फोकस कर रही थीं, ऐसे में यहां भी उनकी प्राथमिकता ऐसी ही देखने को मिल सकती है। अब समझने वाली बात यह है कि कांग्रेस के कई सांसदों में रोष है, लेकिन राहुल गांधी के खिलाफ जाने की हिम्मत किसी में नहीं।

यह बात अब जगजाहिर हो चुकी है कि राहुल गांधी के लिए अडानी मुद्दा सबसे ज्यादा प्रिय है, वे इसी के सहारे चुनावों में उतरते हैं और सीधे पीएम मोदी को निशाने पर लेते हैं। संसद में भी वे सिर्फ इसी मुद्दे के दम पर केंद्र को पूरी तरह आइसोलेट करना चाहते हैं। लेकिन अब जब सदन कई दिनों से नहीं चल पा रहा है, कांग्रेस के ही सांसद मानने लगे हैं कि इस तरह से संसद को बाधित रखना ठीक नहीं। ऐसी स्थिति में सरकार की जवाबदेही तय करना और ज्यादा मुश्किल हो जाएगा।

उधर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार के बाद टीएमसी ने उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर क्ठउक्रअ अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को क्ठउक्रअ ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है।

टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, 'कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।'

तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, 'वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे।'

अशोक भाटिया,
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार
लेखक 5 दशक से लेखन कार्य से जुड़े हुए हैं
पत्रकारिता में वसई गौरव अवार्ड से सम्मानित,
वसई पूर्व - 401208 ( मुंबई )व्हाट्स एप्प 9221232130

# पाँच दिसम्बर को महुआ गुंदे में सजेगा खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार

## कई जिलों के गायक करेंगे श्याम बाबा की महिमा का गुणगान

संस्कार उजाला

**पूरनपुर,** पीलीभीत। क्षेत्र के महुआ गुंदे में होने जा रहे खाटू श्याम के भव्य जागरण में श्याम बाबा के मंदिर का भव्य दरबार सजेगा। जागरण में कई जिलों के गायक खाटू श्याम के सुन्दर सुन्दर भजन प्रस्तुत कर उनकी महिमा का गुणगान करेंगे। कमेटी के माध्यम से और लोगों के सहयोग से बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ 5 दिसंबर को हारे के सहारे खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इसको लेकर श्याम सखा मंडल महुआ गुंदे द्वारा अधिक से अधिक लोगों से




जागरण में पहुंचने की अपील की गयी है। लोगों को निमंत्रण भी भेजा गया है। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव महुआ गुंदे में पहली बार बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार 5 दिसंबर को सजाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है।एक और अखंड ज्योत जलेगी और 65 भोग बाबा को लगेगा वहीं दूसरी तरफ श्याम जगत के जाने-माने भजन गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे। 5 दिसंबर को बाबा खाटू श्याम के दरबार में कई जिलों के गायक श्याम जी की महिमा का गुणगान करेंगे एवं सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति देंगे। वही इस कार्यक्रम में बरेली के अनिल अलवेला झांकी ग्रुप की तरफ सुंदर सुंदर झाकियां प्रस्तुत की जाएगी।भजन संध्या में बाबा श्याम का सुंदर श्रृंगार,पुष्प वर्षा इत्र वर्षा व आकर्षण का केंद्र रहेगी। बरेली की भजन गायिका कंचन सिंह, गायक अंकित व शर्मा, विकास शर्मा द्वारा श्याम बाबा के सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति की जाएगी।आयोजक मंडल श्याम सखा मंडल कमेटी महुआ गुण्दे द्वारा बताया गया कि 5 दिसंबर को भजन संध्या शाम 7 बजे से शुरू होगी और प्रभु इच्छा तक जारी रहेगी। पहली बार होने जा रही खाटू श्याम की इस भव्य भजन संध्या में श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर खाटू श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।जिसके मद्देनजर भव्य पंडाल सजाया जा रहा है ।

# पॉक्सो एक्टः दोष प्रिंस कुमार झां को 3 वर्ष की कैद।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** साढ़े छह वर्ष पूर्व 12 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी प्रिंस कुमार झां को 3 वर्ष की कैद एवं साढ़े 8 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जबकि पिता ललित कुमार झां को सिर्फ 2000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 19 मई 2018 को शक्तिनगर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 19 मई 2018 को दोपहर 2 बजे जब उसकी 12 वर्षीय नाबालिग बेटी घर में अकेले मौजूद




थी तभी शक्तिनगर थाना क्षेत्र के बीना कालोनी निवासी प्रिंस कुमार झां पुत्र ललित कुमार झां जो मूल निवासी बिहार प्रांत के जिला खगड़िया, थाना गोगारी, ग्राम भोजुआ का रहने वाला है उसके घर का दरवाजा तोड़कर घर मे घुस गया और उसकी नाबालिग बेटी को गाली देते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोरगुल की आवाज सुनकर उसके साथ ही अन्य कई लोग आ गए। उधर प्रिंस के पिता भी आ गए और मारपीट करने लगे। प्रिंस ने उसके सर में मारकर गम्भीर चोट पहुंचा दिया और पिता-पुत्र गाली देते हुए जान मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस तहरीर पर पुलिस ने 19 मई 2018 को पिता-पुत्र के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में मारपीट, छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी प्रिंस कुमार झां को 3 वर्ष का कारावास एवं साढ़े 8 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जबकि ललित कुमार झां को कोर्ट ने सिर्फ 2000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगा। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# नाराज महिला ने फांसी के फंदे से झूलकर की आत्महत्या।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र ।** ओबरा कोतवाली क्षेत्र के गजराजनगर में नाराज महिला ने फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी होते ही परिजनों ने महिला को तत्काल चोपन CHC पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया और मृतका का मेमो भेज पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई। परिजनों की माने तो पति पत्नी के झगड़े ने नाराज महिला ने आत्महत्या का खौफनाक कदम उठाया। पति सुजीत ने बताया कि पत्नी से बहस



हो गया था। बहस होने के बाद दुकान पर चले गए थे। इस दौरान पत्नी पूनम केसरी (24) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सब सही था सुबह से बात अच्छे से हो रही थी लेकिन थोड़ी सी बहस की वजह से पत्नी ने आत्महत्या का कदम उठा लिया। पुलिस को सूचना दे दी गई है। वही सास सीता ने बताया कि इसी तरह पति-पत्नी के बीच में झगड़ा हुआ था। इससे पहले भी कई बार झगड़ा हुआ था और फिर आपस में मिल जाते थे। बेटे ने कहा पत्नी तबीयत सही नहीं है आप खाना बना दीजिए। बेटा दुकान चला गया और हम खाना बनाने चले गए। पता चला की पत्नी ने आत्महत्या कर ली। बेटे की शादी पिछले 11 जून को हुई थी और शादी हुए डेढ़ साल हो गए थे। फिलहाल अभी संतान नहीं है।

# आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने में सफल रह सेवा से संतृप्तिकरण अभियान

## लाभार्थियों को वितरित किये गये स्वीकृति पत्रअभियान के ीय चरण का हुआ आगाज

संस्कार उजाला

**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण का आज ब्लाक चित्तौरा की ग्राम पंचायत अलिया बुलबुल में भव्य शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व नगर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने गऊमाता का पूजन कर 02 परिवारों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत गोदान भी किया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय, रिसिया जमाल की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शिविर का शुभारम्भ करने के उपरान्त जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, राजस्व, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, दिव्यांगजन, कौशल विकास, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, श्रम, बैंक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण करते हुए विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल सके इसके लिए सभी अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से प्रयास करना होगा।




उन्होंने अब तक विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को सम्बन्धित योजनाओं के लाभ शत-प्रतिशत आच्छादित किये जाने के निर्देश भी दिये। शिविर में विभागवार लगाये गये स्टालों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि, विद्युत एवं आपूर्ति विभागों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों के संतृप्तिकरण में शिथिलता पाये जाने तथा अभिलेखों का रख-रखाव समुचित ढंग से न किये जाने पर सम्बन्धित विभागों के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं व बच्चों से वार्ता करते हुए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालय अलिया बुलबुल के बच्चों से उन्हें मिड-डे-मील, फल-दूध इत्यादि प्राप्त होने के सम्बन्ध में पूछने पर बच्चों द्वारा फल प्राप्त न होने के बारे में जानकारी दी। जिस पर डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम प्रधान के विरूद्ध जांचोपरान्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया। अलिया बुलबुल में आयोजित शिविर के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सीडीओ व अन्य अधिकारियों के साथ 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, 05 बच्चों का अन्नप्रासन, 10 महिलाओं को बेबी किट, 05 लोगों का आयुष्मान कार्ड, 03 टीवी मरीजों को पोषण दलिया किट, 02 कुष्ठ रोगियों को जूता किट, 09 नये जोड़ों को शगुन किट, 02 लोगों को फार्मर रजिस्टर, 03 लाभार्थियों को किसान निधि, 05 लोगों का राशन कार्ड, 02 महिला स्वयं सहायता, 02 लाभार्थियों को सामुदायिक निधि, 02 को पीसीएल, 05 महिलाओं को वृद्धा पेंशन, 01 को विकलांग पेंशन, 03 महिलाओं को विधवा पेंशन, 05 लाभार्थियों को पीएम आवास, 01 लाभार्थियों को सीएम आवास, मनरेगा के तहत 05 लाभार्थियों को जाब कार्ड तथा 05 लाभार्थियों को शौचालय हेतु स्वीकृति प्रत्र वितरण किया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### गैंगस्टर एक्टः दोषी गैंग लीडर हार्डकोर नक्सली मुन्नू पाल को 10 वर्ष की कठोर कैद।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**




**सोनभद्र।** विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए साढ़े 16 वर्ष से जेल में निरुद्ध गैंग लीडर हार्डकोर नक्सली मुन्नू पाल को दोषसिद्ध पाकर 10 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। इसके विरुद्ध गैंग चार्ट में सोनभद्र व चंदौली जिले के विभिन्न थानों में हत्या समेत 10 मुकदमें दर्ज हैं। अभियोजन पक्ष के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक जैनेंद्र कुमार सिंह ने चोपन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 15 अप्रैल 2008 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में था तो पता चला कि 25 फरवरी 2008 को गिरफ्तार हार्डकोर नक्सली मुन्नू पाल उर्फ रमेश उर्फ कवि जी उर्फ पुत्र भरत पाल निवासी विशेश्वरपुर, थाना नौगढ़, जिला चंदौली का एक सक्रिय गैंग है, जिसका वह गैंग लीडर है। इसके अलावा गैंग के सक्रिय सदस्यों के साथ मिलकर आर्थिक लाभ के लिए वर्ष 2004 से ही सोनभद्र व चंदौली जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध करता है और सदस्यों से करवाता है। इनके विरुद्ध हत्या, डकैती, हत्या का प्रयास समेत 10 मुकदमा दर्ज हैं। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनका एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है। जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है। इस तहरीर पर चोपन थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में गैंग लीडर हार्डकोर नक्सली मुन्नू पाल के विरूद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर हार्डकोर नक्सली मुन्नू पाल को 10 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील धनंजय शुक्ला ने बहस की।

### रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद के वाँछित/वारण्टी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा दिनांक 03.12.2024 को मु0नं0- 2721/12 धारा 323, 504 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त तपेशीराम धांगर पुत्र बालदेव निवासी ग्राम भीखमपुर थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र तथा मु0नं0- 3107/23 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र से सम्बन्धित अभियुक्त शर्मा धांगर पुत्र मंगर धांगर निवासी ग्राम दुपटिया थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# पौधे सीधे किए जाते हैं, पेड़ नहीं': डॉ. बी. के. एस. संजय

* राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सेवा सोसाइटी ने सम्मानित

* दिव्यांगों को अनुकूल वातावरण की अत्यंत आवश्यकताः पद्म श्री डॉ. संजय

संस्कार उजाला

**देहरादून!** अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर और सेवा सोसाइटी के सहयोग से दिव्यांगता के ऊपर एक संगोष्ठी, सम्मान समारोह एवं निःशुल्क ऑर्थोपीडिक परामर्श शिविर का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पद्म श्री डॉ. आर. के. जैन, अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग, उत्तराखण्ड, विशिष्ट अतिथि पद्म श्री कल्याण सिंह रावत, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. एन. जैना, आयुर्वेदाचार्य डॉ. महेन्द्र राणा, वरिष्ठ ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. जे. पी. नवानी, समाजसेवी श्री देवेन्द्र पाल सिंह मोन्टी, पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय, ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय, डॉ. सुजाता संजय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेंटर एवं सेवा सोसाइटी के सहयोग से दक्ष दिव्यांग खिलाड़ियों, नीरजा गोयल, राजेन्द्र सिंह तनवर, राजेश वर्मा, विशाल गोयल, मन्नू सिंह, मनोज परमार, धनवीर सिंह भण्डारी, अमित कुमार, नवीन कुमार एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाऐं, एन.आई.वी.एच., मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन, इनर व्हील क्लब, लायंस क्लब, चशायर होम, बजाज लर्निंग, सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसायटी मसूरी इत्यादि को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए




सम्मानित भी किया गया। पद्म श्री डॉ. संजय ने कहा कि दिव्यांगता जितने ज्यादा समय रहती है उसका प्रभाव आनुपातिक रूप से बढ़ता रहता है। सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों और समाज को किसी भी प्रकार की दिव्यांगता को रोकने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी कारण से हुई विकृति और दिव्यांगता को जल्द से जल्द ठीक किया जाना चाहिए। इसलिए हम लोग हमेशा रोगी को विकृति और रोगी के परिवार के सदस्यों को सलाह देते हैं कि यदि सर्जरी की आवश्यकता है, तो इसे जल्द से जल्द किया जाना चाहिए क्योंकि पौधे सीधे किए जाते हैं, पेड़ नहीं। डॉ. गौरव संजय ने अतिथियों का स्वागत किया, उनका आभार व्यक्त किया और अपने संबोधन में बताया कि कई दशकों पहले सी.पी., पोलियो, ऑर्थोपीडिक दिव्यांगता के मुख्य कारण थे पर आज सड़क दुर्घटनाऐं दिव्यांगता के मुख्य कारण बन गई है। भारत 27 मार्च 2014 से पोलियो मुक्त है। जिससे कोई नये मामले तो सामने नहीं आ रहे हैं लेकिन पोलियो के लाखों पुराने मामले हैं और इसी तरह से सी.पी. के रोगी राष्ट्र के लिए बड़ी सामाजिक और अन्य समस्याऐं पैदा कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म श्री डॉ. आर. के. जैन ने कहा कि आनुवांशिक दिव्यांगता को कम नहीं किया जा सकता पर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली विकलांगता को तो कम किया जा सकता है। पूर्व आई.ए.एस. डॉ. आनंद एस. खुल्लर ने कहा कि सर्जरी के माध्यम से डॉ. संजय और उनका संस्थान अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मेरा सभी से अनुरोध है कि दिव्यांग व्यक्तियों को भी समान रूप से देखें और उनको समान अवसर प्रदान करें। कुलपति प्रो. के. एन. जैना ने कहा कि शरीर मन और आत्मा सबके पास है तो कोई भी व्यक्ति दिव्यांग नहीं है। इन सभी के समावेश से हर व्यक्ति को अपना योगदान समाज के प्रति देना चाहिए। वरिष्ठ ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. जे. पी. नवानी ने कहा कि दिव्यांग लोगों को केवल विश्व विकलांगता दिवस के दिन ही नहीं बल्कि हमेशा इतना ही महत्व दें जितना कि आज के दिन दे रहे हैं। पद्म श्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि डॉ संजय और उनकी संस्था जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है। मेरा मानना है कि समाज में विकलांग वह लोग हैं जो समाज की अनदेखी कर रहे हैं और अपना योगदान नहीं दे रहे हैं। सभी को समाज की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। इसके अतिरिक्त सभी सम्मानित दिव्यांगजनों एवं संस्थानों के पदाधिकारियों एवं आए हुए सभी प्रबुद्धजनों ने एक राय से कहा कि दिव्यांग लोगों को समाज की केवल सहानुभूति नहीं बल्कि समाज के सहयोग ही जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन श्री योगेश अग्रवाल के द्वारा किया गया।

# नौ दिवसीय संगीतमय श्री म कथा आयोजन की तैयारी को लेकर की गई बैठक।

संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**चोपन।** आगामी 18 दिसंबर से श्री रामेश्वर महादेव मंदिर, प्रीतनगर गड़ईडीह के प्रांगण में नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जहां नगर के कथा प्रेमी मौजूद रहे बैठक में श्री राम कथा के आयोजन को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है कथा प्रेमियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्था की जा रही है वहीं बैकक में मौजूद नगर प्रबुद्ध जनों ने अपने अपने बिचार भी रखे ताकि कार्यक्रम में कोई त्रुटी न होने पाये आयोजन को सफल बनाने को लेकर लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए प्रतिदिन



सैकड़ों लोगों के लिए कथा परिसर में पंडाल निर्माण, मंच निर्माण, साउंड, सुरक्षा एवं धन संग्रह सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी अपने मुखारविंद से कथा का वाचन करेंगे। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम को लेकर कथा प्रेमियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बैठक समापन के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया इस मौके पर राजा मिश्रा, सुनील तिवारी, दया सिंह, डंपू सिंह,अशीष सिंह, हंसराज शुक्ला, श्यामाचरण गिरी, दिनदयाल सिंह, पिंटू मिश्रा, दिनेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे

# दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का किये वितरण।

संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**सोनभद्र।** विश्व दिव्यांग दिवस के शुभ अवसर पर विकास भवन परिसर, सोनभद्र में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का वितरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया, कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी बद्री नाथ सिंह जी के द्वारा 10 दिव्यांगजनो में सहायक उपकरण का वितरण किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित दिव्यांगजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के हितों के दृष्टिगत अनेक कल्याणकारी योजना प्रारम्भ किये है जिसके माध्यम से कैम्प लगाकर दिव्यांगजनों को पेंशन/ ट्राइसाइकिल/ कृत्रिम अंग से सम्बन्धित फार्म



भरवाकर उन्हें उपलब्ध कराया जाता है उन्होने कहा कि समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन विभाग, प्रोबेशन विभाग द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलों में कैम्प लगाकर लाभार्थियों को योजनाओं से सम्बन्धित फार्म भरवाकर उन्हे लाभान्वित किया जाये, इस दौरान आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों के कार्ड भी बनाये जाये। इस दौरान शेष नाथ चैहान मुख्य विकास अधिकारी, रमाशंकर यादव जिला समाज कल्याण अधिकारी, सुधान्शु शेखर शर्मा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, राजधारी प्रसाद गौतम उपायुक्त उद्योग, विनय कुमार सिंह अपर सूचना अधिकारी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर स्वैच्छिक संस्था जन कल्याण ग्रामोद्योग, बहुअरा सोनभद्र द्वारा दिव्यांगजनो की प्रतिभा की प्रदर्शनी का स्टाल लगाया गया। उक्त प्रदर्शनी में कु0उर्मिला, रजाई बनाने की कला, जंग बहादुर द्वारा फास्ड फुड का स्टाल, बबुंदर द्वारा सिलाई बुनाई, श्यामलाल द्वारा चित्रकला इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनो से सीधा संवाद कर उनके द्वारा बनाये जा रहे सामग्री और आय के सम्बन्ध में जानकारी ली और दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी निर्देशित करते हुए कहा कि इसी तरह से अन्य दिव्यांगजन को भी प्रोडक्ट बनाने हेतु प्रेरित किया जाये जिससे कि वह अपनी आय बढ़ाकर रोजगार से जुड़ सकें। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार (दृष्टिबाधित), विजेन्द्र कुमार, आर्थोपैडिक दिव्यांग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुमारी संन्ध्या, दृष्टिबाधित द्वारा गीत गायन की प्रस्तुति की गयी, पवन, दृष्टिबाधित द्वारा कविता, आशीष गुप्ता द्वारा टेक्नालाजी के बारे बताया गया, सुनील कुमार द्वारा पक्षी इत्यादि की आवाजे निकाली गयी। कार्यक्रम के अन्त में निजामुद्दीन, प्रबन्धक, जन कल्याण ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, बहुअरा द्वारा समस्त दिव्यांगजनो को कप-प्लेट सेट वितरित किया गया।

# अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया डॉ.राजेंद्र प्रसाद का जन्म दिवस।



संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की मूर्ति पर माला अर्पण कर जयंती अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया। सभागार में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष श्यामबिहारी यादव एड ने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद की सफलता के पीछे नियमों का कठोरता से पालन तथा कानून का सम्मान करना प्रमुख था। पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एड ने कहा कि बार और बैंच एक रथ के दो पहिये हैं। एक पहिया छोटा और दूसरा बड़ा होगा तो उससे जनता को न्याय नहीं मिल सकता। बार और बैंच दोनों को आपस में सामंजस्य बनाकर काम करना चाहिए। रामचंद्र सिंह एड ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। वक्ताओं ने उनके सिद्धांतों तथा आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अवसर पर रणजीत सिंह एड , पवन कुमार सिंह एड , महेंद्र प्रताप सिंह एड, सुरेश कुशवाहा एड, राजेश यादव एड, अभिषेक कुमार मौर्य एड, संदीप जायसवाल, सरोज एड, हरिद्वार कुशवाहा एड आदि लोग उपस्थित थे।

# बंद पड़ी दुकान में लगा भयंकर आग जलकर हुआ खाख।

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित एक दुकान में मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे सिलेंडर ब्लास्ट की घटना से आग लग गई। जिससे दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग की घटना से इलाके में अफरातफरी का माहौल देखा गया। घटना में बड़े पैमाने पर नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। यह दुकान 'सागर बाटी चोखा' के नाम से मशहूर है। ,



शॉर्टसर्किट से आग लगने की वजह बताई जा रही है। आग का विजराल रूप तेजी से दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। मॉर्निंग वॉक पर जा रहे लोगों ने घटना की बाबत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची दमकल की तीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिक और उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। आग लगने से दुकान के आसपास के लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक के परिजनों ने बताया कि आग से लंबा नुकसान हुआ है। उसी दुकान में सिलेंडर और बाटी चोखा का पूरा राशन बर्तन सहित रखा हुआ था जो जलकर खाक हो गया। ब्लास्टिंग इतने तेज रफ्तार से हुआ कि गोमती वाली दुकान उड़कर बिखर गया। एक ही सहारा था जीवनयापन का आज वो भी जलकर आंखों के सामने नष्ट हो गया। दोबारा सिरे से दुकान करना बहुत ही मुश्किल है।

## संक्षिप्त डायरी

### नागरिक सुरक्षा के स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

संस्कार उजाला ब्यूरो

सहारनपुर। नागरिक सुरक्षा के स्थापना दिवस 06 दिसम्बर के अवसर पर 04 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कश्मीर सिंह ने बताया कि 04 दिसम्बर को यूनिवर्सल एजूकेशन एकेडमी हयात नगर खताखेडी में हाऊसहोल्ड एलपीजी प्रशिक्षण, इमरजेन्सी फर्स्ट ऐड प्रशिक्षण तथा अभ्यास प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। 05 दिसम्बर को आर्य समाज कन्या इन्टर कॉलेज मटिया महल खालापार में एलीमेन्ट्री फायर सेफ्टी भूकम्प सुरक्षा तथा भूकम्प से बचाव की मॉकड्रिल, 06 दिसम्बर को प्रभागीय कार्यालय गांधीपार्क एवं सरसावा में विभागीय ध्वजारोहण एवं आपदा प्रबंधन विषयक गोष्ठी, 07 दिसम्बर को राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में सीपीआर प्रशिक्षण, एलीमेन्ट्री फायर सेफ्टी प्रशिक्षण तथा भूकम्प से बचाव की मॉकड्रिल, 11 दिसम्बर को पं0 दीनदयाल उपाध्याय हाई स्कूल नौगांवा शाकुम्भरी रोड पर भूकम्प सुरक्षा एवं प्रशिक्षण तथा मॉकड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### संभागीय परिवहन विभाग हापुड़ के अधिकारियों की सरपरस्ती में चल रहा ओवरलोडिंग का गोरख धंधा

संस्कार उजाला

रिपोर्टरभूपेंद्र वर्मा



हापुड़/उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में हो रहे। इजाफे पर रोक लगाने को लेकर ओवरलोडिंग पर सख्त दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं। लेकिन ओवरलोडिंग का गोरख धंधा फिर भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। और ओवरलोड से भरे वाहन नेशनल हाईवे पर फरार्टा भरते नजर आ रहे हैं। सूत्रों की माने तो जनपद में पनप रहे ओवरलोड के गोरखधंधे पर संभागीय परिवहन विभाग हापुड़ की बहुत बड़ी छत्रछाया है। जिसका जीता जागता उदाहरण सिंभावली शुगर मिल बृजनाथपुर शुगर मिल में गन्ने की ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर ट्राले एवं ट्रकों के द्वारा बॉडी से ऊपर 5 फीट गन्ना भरकर नेशनल हाईवे पर दौड़ लगाते हुए देखा जा सकता है। सिंभावली शुगर मिल ब्रजनाथपुर शुगर मिल में ओवरलोड का गोरख धंधा करने वाले ट्रांसपोर्टर माफियाओं के द्वारा जनपद के संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों की आंखों पर प्रत्येक माह चांदी का चश्मा पहना दिया जाता है जिसकी चमक में अधिकारियों को नेशनल हाईवे पर ओवरलोड गन्ना भरकर चलने वाले ट्रैक्टर ट्राले एवं ट्रक बिल्कुल भी नजर नहीं आ रहे हैं। अब ऐसी स्थिति में संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों की सरपरस्ती कहा जाए या अनदेखी।

### एडिशनल एसपी विनीत भटनागर के द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों का ओआर लिया गया

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्रवर्मा



**हापुड़**/हापुड़ पुलिस अपर अधीक्षक विनीत भटनागर के द्वारा मेरठ रोड पर स्थित पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों का ओआर लिया गया। एवं अर्दली रूम कर विभिन्न गार्दो रजिस्टरों को चेक कर संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए।

### 03 सिम्बर 2024 अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस

**कम्पोजिट विद्यालय अटसलिया, भावलखेड़ा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अर्न्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण का भव्य आयोजन**

संस्कार उजाला



शाहजहाँपुर दिनांक 03 सिम्बर 2024 अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय अटसलिया, भावलखेड़ा में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा बैंड की धुन पर परेड के साथ जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजवलित कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बीएसए दिव्या गुप्ता ने जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा बैज लगा कर उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण के साथ ही मसाल जला कर तथा गुब्बारे उड़ा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय अटसलिया के दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गीत मां शारदे पर सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति की। साथ ही अटसलीया कल्चरल प्रोग्राम में छात्राओं ने ह्यह्यन अबला हूं न मै बेचारी हूं, मैं आज के युग की नारी हूंह्यह्य कविता का सुन्दर प्रस्तुतिकरण किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्रओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी जिसमें ह्यह्यलेमन रेसह्यह्य प्रतियोगिता तथा ह्यह्यम्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताह्यह्य को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर शुरू किया। प्रतियोगित में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने मेडल तथा फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया व विजेता बच्चों को उपहार भेंट कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बीएसए दिव्या गुप्ता, पूर्व एएओं पीपी सिंह सहित विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिका व अधिक संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

## जनपद में 08 दिसम्बर से चलेगा प्लस पोलियो अभियान

**09 से 13 दिसम्बर तक घर-घर जाकर पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप**

**अभियान की सफलता के लिए तैयार करें बेहतर माइक्रो प्लान - जिलाधिकारी**

संस्कार उजाला ब्यूरो





**सहारनपुर** । जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में 8 दिसंबर से शुरू होने वाले प्लस पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में तैयारियों को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को 8 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि 09 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक घर-घर जाकर शत-प्रतिशत बच्चों का आच्छादन सुनिश्चित करें। जिले के चिह्नित हाइरिस्क एरिया, ईंट भट्टों, निमार्णाधीन कंस्ट्रक्शनसाइट के पोलियो टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें और पोलियो बूथ पर अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के विशेष प्रयास करें। मनीष बंसल ने कहा कि कोई भी बच्चा वैक्सीनेशन से वंचित नहीं रहे इसलिए शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एवं पंचायती राज विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करे कि सभी बच्चों का वैक्सीनेशन हो जाए। इसके लिए एमओआईसी एक बेहतर माइक्रोप्लान तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी श्रीमती पूजा शर्मा सहित समस्त एमओआईसी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 04 दिसम्बर से 16 जनवरी तक समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे फार्मर रजिस्ट्री कैम्प

**कैम्प से सम्बन्धित राजस्व ग्राम के समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री अभियान के दिन हो सुनिश्चित - मनीष बंसल**

- ☛कैम्पों में सम्बन्धित ग्राम के पंचायत सहायक अनिवार्य रूप से हों उपस्थित
- ☛प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त हेतु कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य
- ☛कृषक आयोजित कैम्प का उठाएं अधिकाधिक लाभ - जिलाधिकारी

संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर** । जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में कृषि एवं राजस्व विभागों के द्वारा 04 दिसम्बर से 16 जनवरी 2025 तक फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। इन कैम्पों के माध्यम से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जायेगी जिससें किसानों को कृषि तथा अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ बिना अभिलेखों के ही सीधे प्राप्त हो सकेगा साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किस्त उन्ही किसानों को जारी की जायेगी जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण होगी। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त कृषक बंधुओं से अनुरोध किया है कि कैम्पों में अपना आधार कार्ड, आधार से रजिस्टर्ड मोबाइल, एवं अपनी समस्त खतौनी ले जाकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री करवां ले। कैम्प में सर्वप्रथम कृषि विभाग के कर्मचारी द्वारा किसान का आधार व अन्य डाटा वेरीफाई किया जायेगा तत्पश्चात लेखपाल के द्वारा भूमि का डाटा वेरीफाई किया जायेगा। इन कैम्पों मे पंचायत सहायक व ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा फैमिली आई0डी0 भी बनायी जायेगी। मनीष बंसल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प के सफल संचालन हेतु कैम्पों की सूचना ग्राम प्रधानों को समय से उपलब्ध कराई जाए। सभी ग्राम प्रधान कैम्प से पूर्व सभी किसानो को अवगत कराकर अधिक से अधिक अपने ग्राम की फार्मर रजिस्ट्री आई॰डी॰ बनवाये।

उन्होने निर्देश दिए कि कैम्प से सम्बन्धित राजस्व ग्राम के समस्त कृषक की फार्मर रजिस्ट्री अभियान के दिन सुनिश्चित हो। समस्त कैम्पों में सम्बन्धित ग्राम के पंचायत सहायक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होने अपील करते हुए कहा कि कृषक बंधु आयोजित कैम्प का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

## सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में संभल प्रकरण की जांच को भीम आर्मी/आसपा ने सौंपा ज्ञापन

संस्कार उजाला संवाददाता



**सहारनपुर.** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी भारत एकता मिशन के केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर संगठन से जुड़े कार्यकर्त्ताओ ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर संभल प्रकरण की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग की है। आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कर्णवीर सिंह ने बताया कि 24 नवम्बर 2024 को जिला संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान प्रशासन की गलती के कारण अराजकता व दंगा हुए है जिसमे चार नवयुवको कि जान गई है जिसकी वह घोर निंदा करते है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पुलिस के अनुचित रवैया के कारण घटना से अभी तक लोगो में भय बना हुआ है जिस कारण आम जनता बेहद परेशान है, और पुलिस द्वारा अज्ञात के नाम पर घरो में घुसकर निर्दोष लोगो को गिरफ्तार किया जा रहा है जिससे कानून व्यवस्था खराब हो रही है। आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी से जुड़े कार्यकर्त्ताओ ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन के माध्यम से घटना की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराने तथा अज्ञात के नाम पर निर्दोष लोगो को तत्काल छोडे जाने कि मांग की है। ज्ञापन से पूर्व रामलीला मैदान में इक्कठा हुए कार्यकर्ताओ ने कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महताब अली, प्रवीण गौतम, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अनिल रावण आभा, जिलाध्यक्ष शौर्य अम्बेडकर, जिलाध्यक्ष (युवा) सचिव देव, आजाद रावण, जुल्फान मंत्री, अनुज हैदरपुर, कारी मशरूफ, राहुल राज गौतम, अजय गौतम, आकाश कटारिया, जोगेंद्र, सुधीर, दीपक गौतम, जिला सचिव निर्दोष कुमार, नौशाद एडवोकेट, मोनू कुमार, धर्मेश गौतम, मुनव्वर हसन, प्रीतम रावण व सुन्नु पहलवान समेत आदि मौजूद रहे।

## लाखो रुपए की लागत से बने, सामुदायिक शौचालय, फिर भी लटक रहे है ताले, ग्रामीणों मे आक्रोश

**स्वच्छ भारत मिशन को लगा रहे हैं ज़िम्मेदार पलीता**

संस्कार उजाला

अशोक कुमार शर्मा/सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्म।

गंगोह सहारनपुर



स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक गांव में बनाएं गए लाखो रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय फिर भी लटक रहे है ताले। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण में सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च किए गए हैं लेकिन उनका गांव में कोई उपयोग नहीं होता दिख रहा हैशौचालयो का निर्माण पुरा होने के बाद लंबे समय से ताले की कैद में जकड़े हुए है ग्राम प्रधान व विभागीय लापरवाही के चलते इन शौचालयो का पुर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायतों के द्वारा भी सामुदायिक शौचालयों के संचालन के प्रयास भी नहीं किए जा रहे हैं जानकारी के मुताबिक वर्ष 2020=21मे स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओ डी एफ हो चुकी पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों पर शुलभ प्रसाधन व्यवस्था के लिए सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया था लेकिन वर्तमान में इन शौचालयो का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। शासन का मकसद था कि शौचालय बनेंगे तो जिन लोगों के पास सुविधा नहीं है वह उनका उपयोग कर सकेंगे। लेकिन जिम्मेदारो की उपेक्षा के चलते शौचालयों पर ताले लटक रहें हैं। जिसके कारण शासन का उद्देश्य भी पुरा नही हो पा रहा है स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी विकास खंड क्षेत्रों की सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया था ताकि लोगों को खुले में शौच करने से निजात मिल सके महिला , पुरूष , बच्चों को लघु शंका या फिर शौच के लिए इधर-उधर न भागना पड़े। गंगोह ब्लाक की ग्राम पंचायत भाबसा,व फतेह चंदपुर में अभी तक सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधुरा पड़ा है जो चार साल बीत जाने के बाद भी पुरा नही हुआ है वहीं गंगोह ब्लाक की ग्राम पंचायत नैनखेडी,ठोल्ला, माधोपुर, तबर्रुकपुर, के सामुदायिक शौचालयों पर ताले लटक रहे हैं जहां पर गन्दगी के अम्बार लगें हुए है और साफ सफाई न होने के चलते बन्द पड़े हुए हैं जबकि इन सभी शौचालयों के कैयर टेकर को हर महिने मान देय के रूप में 6हजार रुपए व 3 हजार रुपए मैन्टीनैश खर्च के रुप में मिल रहें हैं ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बहुत से ऐसे परिवार हैं जो कि घर में शौचालय निर्माण नहीं करा सकते हैं जिस कारण उन्हें खुलें में शौच के लिए जाना पड़ता हैं सार्वजनिक शौचालयो पर ताले लटक ने के कारण लोगों के कदम सामुदायिक शौचालयों की ओर नहीं बढ़ पा रहे हैं सार्वजनिक स्थानों पर बने बन्द पड़े शौचालय महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं बन्द शौचालयों के चलते पुरूष तो खुले में भी शौच चलें जाते हैं लेकिन महिलाएं खुले में शौच के लिए अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहती हैं सरकार के लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद भी सामुदायिक शौचालयों की दैनिनीय स्थिति बनी हुई है प्रशासन एवं जिम्मेदारों की मूकदर्शीता के चलते बने हुए शौचालय धूल फांक रहे हैं । सरकारी बैठकों में स्वच्छता को लेकर किये जा रहें बड़े बड़े दावे भी धारा शाही होते नजर आ रहे हैं कैंयर टेकरो ने बताया है कि शौचालयों का ताला सुबह-शाम खोलते हैं लोग गन्दगी फैलाते हैं इस वजह से ताला लगा कर रखते हैं। इस बात से साफ जाहिर हो रहा है कि कहीं न कहीं स्वच्छ भारत मिशन अभियान को पलीता लगाने में जिम्मेदार अधिकारी गण भी शामिल हैं। सहारनपुर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि शौचालयों की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शासन से प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले की एडवाईजरी हुई जारी,आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी

संस्कार उजाला नेहा शर्मा

**सहारनपुर** शासन के निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल ने बताया कि 14 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ के आयोजन में महाकुम्भ मेला परिक्षेत्र में भगदड, अग्निकांड, डूबना, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या इत्यादि के निस्तारण तथा महाकुम्भ 2025 को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण सहारनपुर एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा महाकुम्भ-2025 में जाने वाले तीर्थयात्री एवं आमजन के लिए एडवाईजरी जारी की गयी है। श्री मनीष बंसल ने बताया कि महाकुम्भ मेला 2025 मोबाईल एप डाउनलोड करें और मेले की जानकारी प्राप्त करें। यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। बदलते मौसम के अनुसार कपड़े एवं खान-पान का सामान साथ रखें। गर्म एवं ऊनी वस्त्र साथ में रखें। मौसम की पूर्व जानकारी हेतु मौसम विभाग की आईएमडी की वेबसाइट देखें। आपदा की पूर्व चेतावनी हेतु सचेत मोबाईल एप डाउनलोड कर चेक करें। 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य करायें।

चिकित्सक से सलाह लेने के उपरान्त ही महाकुम्भ मेले में जाये। हृदय रोग, श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी यात्रा के समय विशेष सावधानी बरतें एवं अपनी दवा निरंतर समय पर लें। यदि आयुष्मान कार्डधारक है तो कार्ड साथ रखें जिससे कि आकस्मिकता की स्थिति में सरकारी एवं निजी चिकित्सालय में मुफ्त इलाज प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने बताया कि संगम क्षेत्र पंहुचने हेतु पैदल चलना पड सकता है इसलिए शरीर में पानी का स्तर बनाए रखने के लिए पानी या ओआरएस का घोल पीते रहें। मेला क्षेत्र में अत्याधिक भीड की संभावना होने के दृष्टिगत गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें।

बच्चों, वृद्धजनों व गर्भवती महिलाओं को अकेले स्नान ना करने दें तथा गहरे पानी में जाने से बचे। चप्पल जूते का प्रयोग करें एवं कीचड वाले स्थान पर ना चलें। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धडकन का तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पडना, थकान होना, सांस फूलना, खांसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल सम्पर्क करें। खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोयें। धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें। मच्छरों से बचाव रखें। सरकारी नल, वाटर एटीएम के पानी का उपयोग करें एवं खाने-पीने हेतु उबालने के बाद ही प्रयोग करें। सब्जी फल इत्यादि को अच्छे से धो कर ही सेवन करें। गरम कपडे, कम्बल, रजाई पर्याप्त मात्रा में रखे। हीटर, अलाव इत्यादि का प्रयोग टेंट के अन्दर ना करें, इससे आग लगने का खतरा हो सकता है। कुम्भ मेले में आपात स्थिति में महाकुम्भ हेल्पलाईन-1920, पुलिस हैल्प लाईन-112 व आपदा हैल्प लाईन-1077 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## मिशन शक्ति फेज-0 5 जनपद सहारनपुर

संस्कार उजाला मनोज त्यागी



मिशन शक्ति के विशेष अभियान ( फेज-05 ) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को सहारनपुर पुलिस द्वारा किया जागरुक समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा है महिलाओं का सशक्तिकरण उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद सहारनपुर के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों /एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर - वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है ।

## रुस्तम वर्मा अध्यक्ष, राज सक्सेना बने महामंत्री

**हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ की नगर कार्यकारणी का हुआ गठन**

संस्कार उजाला

पुवायां शाहजहांपुर



**खुटार।** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ की एक बैठक खुटार नगर के मां पंथवारी मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री/शाहजहांपुर जिले के प्रभारी कमल दीक्षित ने संस्थापक/अध्यक्ष अवनीश मिश्र की अनुमति से खुटार नगर कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें रुस्तम वर्मा को नगर अध्यक्ष, राज सक्सेना को नगर महामंत्री, हर्ष गुप्ता, आशीष कश्यप, शिवम रस्तोगी को नगर उपाध्यक्ष, वैभव सिंह को नगर कोषाध्यक्ष, शोभित मिश्रा को संगठन मंत्री, प्रखर मिश्रा को मंत्री और लव भदोरिया को सह मंत्री, शशिकांत सूर्यवंशी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रभारी कमल दीक्षित ने गांव रौतापुर निवासी प्रशांत बाजपेई और गांव सीतापुर निवासी ऋषभ पटेल को ब्लॉक कार्यकारिणी में ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया। सभी मनोनीत पदाधिकारी का संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष अवनीश मिश्र, प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, विधि सलाहकार निर्भय मिश्र, सह कोषाध्यक्ष शोभित तिवारी, सह मंत्री राजू गुप्ता, ब्लॉक संरक्षक विनोद सिंह ने माला पहनकर उनका स्वागत किया और नए दायित्व की बधाई दी। इस मौके पर ब्लॉक प्रभारी राज शुक्ला छोटे, आकाश गुप्ता, सुमित सिंह भदोरिया, अवनीश शुक्ला आकाश कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पैट्रोलियम और इंडियन गैस पेट्रोलियम के संयुक्त तत्वाधान में हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी कार्यक्रम के तहत कुकिंग शो का आयोजन किया गया

संस्कार उजाला

सुरेंद्र विश्वकर्मा




**सहारनपुर** हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पैट्रोलियम और इंडियन गैस पेट्रोलियम के संयुक्त तत्वाधान में हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी कार्यक्रम के तहत कुकिंग शो का आयोजन किया गया जिसमें कई स्कूलों की छात्राओं और महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम में गैस का रसोई में किस तरह से सुरक्षा पूर्वक इस्तेमाल किया जाए इसके संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई गैस का उपयोग करते समय किन-किन सावधानियां को बढ़ता जाए इसके बारे में बताया गया ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। अक्सर देखने में आता है कि जरा सी लापरवाही और कई जान चली गई और यही हाल है गैस जहां हमें सुविधा देती है वही जरा सी हमारी लापरवाही हमारे ही नहीं हमारे परिजनों के जीवन को भी संकट में डाल सकती है गैस का चूल्हा और गैस सिलेंडर में कितनी दूरी और कितनी ऊंचाई होनी चाहिए कहां पर रखना चाहिए इन सब के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया। इन सभी बातों पर कार्यक्रम में विशेष रूप से ध्यान दिया गया कार्यक्रम में कुकिंग शो का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं और महिलाओं ने तरह-तरह के खाद्य व्यंजन बनाएं। निर्णायक मंडल में शामिल समाज सेविका सुषमा बजाज पत्रकार नीना जैन समाजसेविका अनु बजाज और सीमा कुमारी ने इस बात पर ज्यादा ध्यान दिया कि कुकिंग करते समय प्रतिभागी कितनी सफाई से खाना बना रहे हैं और कितनी सावधानी गैस का इस्तेमाल करते समय कर रहे हैं उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए विभिन्न नमकीन और मीठे खाद्य व्यंजनों का स्वाद लिया प्रतिभागियों ने जहां भारतीय व्यंजनों को प्राथमिकता दी तो वहीं कई ने चाइनीज व्यंजन भी बनाएं। छोले भटूरे टिक्की विभिन्न प्रकार के पकोड़े टोफू राज कचोरी रसमलाई शिरा हवा नारियल पेडे फ्यूजन समोसे के अलावा बहुत सारे व्यंजन रहे जिनका निर्णायक मंडल ने स्वच्छ रखा और उसके पश्चात अपना निर्णय घोषित किया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीरु जैन, द्वितीय शिवांगी तथा तृतीय स्थान आंचल ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में शामिल सुषमा बजाज ने बताया कि प्रतिभागियों ने खाना बनाते समय किन-किन बातों पर ध्यान नहीं दिया वहीं पत्रकार नीना जैन ने बताया कि खाना बनाते समय सफाई का विशेष ध्यान देना जरूरी है कि खाना हमारे स्वास्थ्य को ही बेहतर रखता है।

## आनंदा डेयरी ने पशुपालकों को प्रोत्साहन हेतु आनंदा ग्रीन शीतल संयंत्र का शुभारंभ किया

संस्कार उजाला



**हापुड़**/आनंदा डेयरी ने पशुपालकों को प्रोत्साहन हेतु आनंदा चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने अपने चिलिंग संयंत्र पर पशु गोबर से निर्मित उपला द्वारा संचालित ग्रीन शीतल सयंत्र का उद्घाटन किया । जिससे से 60 % ऊर्जा की वचत होगी ओर जो पशुपालकों का आय का जरिया बनेगा ।इस संयंत्र का आविष्कार न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया है ।आनंदा डेरी चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि यह ग्रीन शीतल संयंत्र भारत में पहली बार आनंदा डेरी ने पशुपालकों की आमंदनी बढ़ाने लिए अपने संयंत्र पर स्थापित किया है। इस संयंत्र से ऊर्जा की बचत होगी ओर पशुपालकों की आमंदनी बढ़ेगी। आनंदा सदेव नई नई तकनीकी पर काम कर रही।आनंदा डेरी अपने सभी संयंत्र पर ग्रीन शीतल संयंत्र स्थापित करेगी। इस अवसर पर आनंदा डायरेक्टर राहुल दीक्षित,न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी डायरेक्टर आकाश अग्रवाल और समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर कैमिकल में डूबा नवजात का शव बरामद

### –पार्सल से भेजा जा रहा था मुंबई, स्कैनिंग में पकड़ाया, कूरियर एजेंट गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह कैमिकल में डूबोकर पार्सल किया जा रहा नवजात का शव बरामद किया गया है। इसका खुलासा स्कैनिंग के दौरान हुआ। उक्त शव को नवी मुंबई भेजा जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में एक एजेंट को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। जानकारी अनुसार लखनऊ एयरपोर्ट में कूरियर के एक डिब्बे में एक महीने के नवजात का शव बरामद किया गया है। नवजात के शव की जानकारी कार्गो के सामान की स्कैनिंग के दौरान हुई। उक्त शव प्लास्टिक के डिब्बे में पैक किया गया था, जिसके अंदर लिक्विड भरा हुआ था। इस मामले में पुलिस का कहना है कि कूरियर सर्विस के जरिए पार्सल के तौर पर नवजात के शव को नवी मुंबई भेजा जा रहा था। जांच में मालूम चला है कि उक्त कूरियर को हजरतगंज स्थित इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल से चंदन यादव नामक व्यक्ति द्वारा बुक कराया गया था। पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि आखिर नवजात के शव को कैमिकल में रखकर कूरियर क्यों किया गया। इसी बीच कूरियर एजेंट शिव बरन को सीआईएसएफ ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया है। यह पार्सल इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2238 के जरिए लखनऊ से मुंबई भेजने का प्रयास किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर बुक पार्सल की जब स्कैनिंग की गई तो उसमें नवजात का शव डिटेक्ट हुआ। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने पैकेट खोलकर देखा तो उसमें बच्चे का शव मिला। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने फौरन ही सीआईएससफ और पुलिस को सूचना दे दी। मामले की जांच की जा रही है।

## श्रद्धालुओं से भरी बस ट्राले की टक्कर से पलटी, 27 घायल, कई गंभीर

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के चौरई इलाके में अयोध्या से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस पलटने से 27 लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना चौरई के केंद्रीय विद्यालय के पास घटित हुई, जहां सामने से आ रहे एक ट्राले ने बस को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। छिंदवाड़ा एडिशनल एसपी के मुताबिक 27 नवंबर को श्रद्धालु अयोध्या गए थे। वहां से दर्शन कर वापस लौट रहे थे तभी मंगलवार सुबह यह हादसा हो गया। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ट्राले की टक्कर के कारण बस पलटी। बस और ट्राले के चालकों से पूछताछ की जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने भी रेस्क्यू में प्रशासन की मदद की। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक ड्राइविंग करने की अपील की है।

## दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण से अब राहत मिलने की उम्मीद : आईएमडी

### – दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण की वजह से लोगों की सेहत खतरे में थी, लेकिन मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार हवा की गति में बदलाव आने की संभावना है। आने वाले चार दिनों में हवा की गति में तेज़ी आने से प्रदूषण में कमी हो सकती है। दिल्ली के लोगों के लिए खुशखबरी है कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इससे ठंडाई हवा का असर महसूस होगा। यह बारिश दिल्ली–एनसीआर के साथ ही हरियाणा, पंजाब, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी महसूस होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बर्फबारी के बाद तापमान और भी गिर सकता है और दिल्ली–एनसीआर में ठंड का असर और भी महसूस होगा। दिल्ली में मंगलवार का न्यूनतम तापमान 13.05 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.77 डिग्री रहने की संभावना है। नमी का स्तर 26 फीसदी है और हवा की गति 26 किमी प्र?ति घंटा है। बुधवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 19.68 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.18 डिग्री की संभावना है। नमी का स्तर कल 22 फीसदी रह जाएगा। इससे साफ है कि दिल्ली के लोगों के लिए ठंडक और बर्फबारी की संभावनाएं बढ़ गई हैं। साथ ही हवा की गति में बदलाव आने की संभावना है, जिससे प्रदूषण में भी कमी हो सकती है और लोगों को साँस लेने में आसानी होगी।

## युवक की हरकतों से हुआ शक, पूछताछ में हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के काउंटर पर मौजूद अफसर के सामने करीब एक 24 साल का युवक खड़ा हुआ है। इस युवक के चेहरे पर एक अजीब सी मुस्कान है, जिसकी मदद से वह अपनी हिचक और डर को छिपाने की कोशिश कर रहा था। शुरूआत में इमिग्रेशन अफसर को लगा कि शायद पहली हवाई यात्रा की वजह से युवक घबरा रहा हो। लिहाजा, उसे कंफर्ट करने के इरादे से वह थोड़ा मुस्कुराए और पासपोर्ट लेने के लिए हाथ आगे बढ़ा दिया। डॉक्यूमेंट स्क्रूटनी के बीच में ही इमिग्रेशन अफसर ने हिंदी में पूछ लिया... आपको किस काम से ताशकंद जा रहे हैं। इमिग्रेशन अफसर का सवाल सुनने के बावजूद यह युवक शून्य भाव के साथ खड़ा रहा। इमिग्रेशन अफसर ने अपना सवाल दोहराया, लेकिन इस बार भी जवाब नहीं आया। इस प्रतिक्रिया पर इमिग्रेशन अफसर का माथा ठनका कि कोलकाता से चंद किलोमीटर दूर स्थित सिंगूर में रहने वाले शख?स को इतनी हिंदी भी नहीं आती। लिहाजा, इस युवक से गहन पूछताछ शुरू की गई। तलाशी के दौरान इसके मोबाइल से बांग्लादेशी पासपोर्ट का बायोडाटा पेज बरामद किया गया, जिसमें इसका नाम टीटू दर्ज था। बांग्लादेशी पासपोर्ट का बायोडाटा पेज सामने आते ही सारा राज खुल कर सामने आ गया।

# राजनीति में कोई संतुष्ट नहीं होता, मुख्यमंत्री डरा-डरा रहता है न जाने कब हाईकमान हटा दे

**नागपुर (एजेंसी)**। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री के पद और राजनैतिक संतुष्टि को लेकर बड़ा बयान दिया है। यहां आयोजित एक पुस्तक के विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा ही डरा और सहमा रहता है। उसके भीतर डर बना रहता है कि न जाने कब हाईकमान उसकी छुट्टी कर दे। जहां तक राजनीति का सवाल है तो यहां कोई भी संतुष्ट नहीं होता है। गडकरी ने कहा है कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है। नागपुर में जीवन के 50 स्वर्णिम नियम नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर गडकरी ने कहा कि जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है।

मंत्री ने राजस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है... जो पार्षद बनता है वह इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला और विधायक इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे मंत्री पद नहीं मिल सका।



भाजपा नेता ने कहा, जो मंत्री बनता है वह इसलिए दुखी रहता है कि उसे अच्छा मंत्रालय नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया तथा मुख्यमंत्री इसलिए तनाव में रहता है क्योंकि उसे नहीं पता कि कब आलाकमान उसे पद छोड़ने के लिए कह देगा। उन्होंने कहा कि जीवन में समस्याएं बड़ी चुनौतियां पेश करती हैं और उनका सामना करना तथा आगे बढ़ना ही जीवन जीने की कला है।

खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भी महायुति अब तक सीएम नहीं चुन सकी है। खबरें हैं कि भाजपा मुख्यमंत्री पद अपने पास रखेगी। वहीं, दो अन्य दल एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के खाते में डिप्टी सीएम आ सकते हैं। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चाहे व्यक्ति पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक या कॉरपोरेट जीवन में हो, जीवन चुनौतियों और समस्याओं से भरा है और व्यक्ति को उनका सामना करने के लिए जीवन जीने की कला को समझना चाहिए। गडकरी ने कहा कि उन्हें अपने राजनीतिक जीवन में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आत्मकथा का एक उद्धरण याद है, जिसमें कहा गया है, कोई व्यक्ति तब खत्म नहीं होता जब वह हार जाता है। वह तब खत्म होता है जब वह हार मान लेता है।

## बांग्लादेश में हिंसा : भारत के पर्यटक पर भीड़ ने किया हमला

### – अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की कर रहे मांग

कोलकाता। पड़ोसी देश बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हमलों की एक और घटना सामने आई है, जिसमें एक भारतीय पर्यटक भी शिकार हो गए। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के बेलघोरिया के निवासी एक पर्यटक ने बताया कि बांग्लादेश में घूमने के दौरान उन पर एक ?हिंसक भीड़ ने हमला किया। उन्हें पहचान के आधार पर हमला किया गया, जब पता चला कि वे भारत से हैं और हिंदू हैं। गहरी चोटें खाकर भारत लौटने की कोशिश करते हुए भारतीय पर्यटक की हालत बहुत खराब हो गई। उन्होंने एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन पुलिस ने पहचान पूछी, जिससे मेडिकल सहायता में देरी हुई। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हिंसा को रोकने का आश्वासन दिया है, लेकिन वास्तविकता में कार्रवाई की ज़रूरत है। भारत सरकार से भी बड़े स्तर पर इस मामले में कदम उठाने की मांग है, ताकि इस त्रासदी को रोका जा सके और बांग्लादेश के लोगों को सुरक्षित रहने में मदद मिले।

## इसरो श्रीहरिकोटा से प्रोबा-3 मिशन आज करेगा लॉन्च





* रॉकेट की ऊंचाई 145.99 फीट और वजन 320 टन होगा

**मुंबई (एजेंसी)**। नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 4 दिसंबर यानी बुधवार को यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 मिशन को लॉन्च करेगा। इस मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड से पीएसएलवी-एक्सएल रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा। लॉन्च का समय शाम 4¬08 बजे है,

पीएसएलवी-सी59 रॉकेट की यह उड़ान पीएसएलवी रॉकेट की 61वीं उड़ान होगी, और पीएसएलवी-एक्सएल की 26वीं उड़ान होगी। रॉकेट की ऊंचाई 145.99 फीट और वजन 320 टन होगा। लॉन्च के 26 मिनट बाद, यह रॉकेट प्रोबा-3 सैटेलाइट को 600 गुणा 60,530 किमी की अंडाकार कक्षा में भेजेगा। यह मिशन दुनिया का पहला प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंग सैटेलाइट है, जिसमें दो सैटेलाइट्स शामिल होंगे।

कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट यह सैटेलाइट सूरज की तरफ मुंह करके खड़ा होगा और सूर्य के बाहरी और अंदरूनी कोरोना के बीच के गैप का अध्ययन करेगा। इसमें एएसपीआईआईसीएस और 3डीईईएस जैसे उपकरण होंगे। ऑक्लटर स्पेसक्राफ्ट यह सैटेलाइट कोरोनाग्राफ के पीछे रहेगा और सूर्य के कोरोना से संबंधित डेटा का अध्ययन करेगा। इसमें डीएडीए होगा। प्रोबा-3 मिशन का मुख्य उद्देश्य सूरज के कोरोना की स्टडी करना है, खासकर उसके हाई कोरोना और लो कोरोना के बीच के गैप की स्टडी करना। यह मिशन सूरज के सोलर हवाओं और कोरोनल मास इजेक्शन के बारे में अहम जानकारी देगा, जिससे वैज्ञानिक सौर मौसम और सौर हवाओं की बेहतर समझ हासिल कर सकेंगे। इस मिशन के जरिए वैज्ञानिक यह जानने की कोशिश करेंगे कि सूरज का डायनेमिक्स हमारी पृथ्वी पर किस प्रकार असर डालता है, और कैसे सूरज के बदलाव हमारे वातावरण और अंतरिक्ष मौसम को प्रभावित कर सकते हैं। प्रोबा-3 मिशन इसरो के लिए एक अहम कदम है और इसरो के लिए यह एक नई उपलब्धि भी होगी, क्योंकि इससे अंतरिक्ष और सौर अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी।

# क्या रॉबर्ट वाड्रा करेंगे राजनीति में एंट्री, वीडियो शेयर कर कहा-मैं जल्द ज्वाइंन करूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। वायनाड सांसद प्रियंका गांधी के पति और गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जल्द राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। टीवी न्यूज चैनल से बातचीत का एक पुराना वीडियो को शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो के साथ कैप्शन में रॉबर्ट वाड्रा ने लिखा- मैं जल्द ज्वाइंन करूंगा। वीडियो में रॉबर्ट वाड्रा से पूछा गया आप इतना काम करते हैं। सोशल वर्क करते हैं। चुनावी राजनीति में हम रॉबर्ट वाड्रा को देखेंगे क्या? क्योंकि मैडम तो आ ही गई हैं। इसपर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा- अभी जो जनता चाहेगी वही होगा। मेरे चाहने से कुछ नहीं होगा। ये प्रियंका गांधी का समय है। मेरा समय नहीं है। मैं प्रियंका के लिए करूंगा। अपने लिए बाद में करूंगा। मैं बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों ने उन्हें चुनकर सांसद बनाया है।



बता दें प्रियंका गांधी हाल ही में वायनाड से रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतकर लोकसभा सांसद चुनी गई हैं। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान रॉबर्ट वाड्रा अमेठी सीट से चुनाव लड़ने का दावा कर चुके हैं। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने तब उन्हें टिकट नहीं दिया था। ऐसे में अब देखना है कि वाड्रा का यह बयान कितना सही साबित होता है। बीजेपी पहले ही कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है।

अगर ऐसा होता है तो बीजेपी को बैठे-बिठाए मुद्दा मिल जाएगा। रॉबर्ट वाड्रा पहले भी कई बार भविष्य में राजनीति में आने की बात कह चुके हैं लेकिन अभी तक इसका औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। उधर, राजनीतिक पंडित कई बार यह साफ कह चुके हैं कि राहुल गांधी नहीं बल्कि प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी की अगली उत्तराधिकारी साबित हो सकती हैं। ऐसे वक्त पर रॉबर्ट वाड्रा की एंट्री राजनीति में होती है तो पार्टी को इसका नुकसान होना तय है। इसके बावजूद रॉबर्ट वाड्रा अपनी राजनीति को चमकाने में जुटे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा की सदस्यता ग्रहण करने पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि प्रियंका के सांसद बनने से मेरा सपना हुआ पूरा। मैं भी सक्रिय राजनीति के लिए तैयार हूं। कांग्रेस जब चाहेगी तब मैं भी राजनीति में आ जाऊंगा। बीजेपी जिन मुद्दों को छुपाती है, उन सवालों को प्रियंका संसद में उठाएंगी। एजेंसियों के दुरुपयोग और महिलाओं से जुड़े मसले को प्रियंका गांधी उठाएंगी।

## फडणवीस को लेकर शिंदे के 'नखरे' के पीछे 'दिल्ली में बैठी महाशक्ति' : संजय राउत

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने स्पष्ट रूप से भाजपा नेतृत्व की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ''दिल्ली में बैठी महाशक्ति'' के समर्थन से भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को लेकर ''नखरे'' और नाराजगी दिखा रहे हैं। नयी दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने महाराष्ट्र में सरकार गठन में हो रही देरी को अराजकतापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए 10 दिन से अधिक हो गए हैं, लेकिन किसी भी पार्टी या गठबंधन ने न तो सरकार बनाने का दावा पेश किया है और न ही अपने विधायकों की सूची दी है। राउत ने कहा कि राज्यपाल ने अभी तक किसी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया है, लेकिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण की तारीख घोषित कर दी है, जो आजाद मैदान में होगी। राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''मुझे लगता है कि एकनाथ शिंदे के नखरे और देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ नाराजगी के पीछे दिल्ली में बैठी कोई 'महाशक्ति' है। महाशक्ति के समर्थन के बिना एकनाथ शिंदे ऐसा कुछ करने की हिम्मत नहीं कर सकते। दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों को नखरे दिखाने की हिम्मत किसी में नहीं है।'' महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 132 सीट जीती हैं, ऐसे में फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे देखा जा रहा है। भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति गठबंधन द्वारा 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीतने के बावजूद, राज्य में सरकार का गठन होना बाकी है।



## सुरक्षा बढ़ाने का ड्रामा, करीबियों ने ही रची स्क्रिप्ट, पप्पू यादव धमकी मामले में बड़ा खुलासा, सांसद ने किया इनकार

**पटना (एजेंसी)**। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिलने की खबर पिछले दिनों चर्चा में रही। अब पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार शख्स ने पूरे घटना को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पूछताछ में पता चला कि यह षड़यंत्र सांसद के करीबी लोगों ने रचा था। गिरफ्तार व्यक्ति ने इस बात को स्वीकार किया है कि सांसद के कुछ करीबी लोगों ने उसे सुरक्षा मुहैया कराने के लिए वीडियो बनाने और धमकाने को कहा था। आरोपी को पार्टी में पद देने का प्रलोभन भी दिया गया।

फिलहाल, मामले की आगे जांच हो रही है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम राम बाबू यादव है। वह पहले पप्पू यादव का करीबी भी रहा है और पार्टी का सदस्य भी रहा है। हालांकि, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से उसका कोई संबंध नजर नहीं आ रहा है। लेकिन पप्पू यादव ने इससे साफ तौर पर इनकार किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि माननीय नीतीश कुमार, आपकी पुलिस मानसिक रूप से दिवालिया हो गई है। वह वही व्यवहार कर रही है



जो दिवंगत कांग्रेस विधायक हेमंत शाही जी को गोली लगने पर तत्कालीन सरकार और प्रशासन ने किया था। उनपर घायल होने की नौटंकी का आरोप लगाया, बाद में इलाजरत हेमंत जी की मृत्यु हो गई थी! पुनः वही हो रहा है।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि 6 लोगों ने अबतक जान से मारने की धमकी दिया। मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल से धमकी मिली है, उस पर अबतक कार्रवाई क्यों नहीं। अगर किसी ने पैसा देकर धमकी दिलाया है तो पुलिस उसके नाम का खुलासा कर गिरफ़्तार करे! पुलिस किसी के इशारे पर मेरी सुरक्षा से खेल रही है, झूठ फैला हत्यारों को शह दे रही है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की हिट लिस्ट में शामिल बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय लोकसभा सांसद पप्पू यादव को एक और जान से मारने की धमकी मिली है।

व्हाट्सएप के जरिए दी गई यह चेतावनी पाकिस्तान से जुड़े एक नंबर से आई थी, जिसमें धमकी दी गई थी कि यादव को अगले 24 घंटों के भीतर मार दिया जाएगा। संदेश भेजने वाले ने यह भी दावा किया कि उसके गार्ड भी उसकी रक्षा करने में असमर्थ होंगे। धमकी के साथ एक विस्फोट की तस्वीर भी थी। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि इसके पीछे क्या कारण है, वह मुझे क्यों मारना चाहता है, कौन है जो मुझे मरवाना चाहता है? कोई तो होगा जो उसे ढूंढ लेगा। इसकी जिम्मेदारी IB, RAW की है। आप (सरकार) सुरक्षा न दें, कंगना रनौत और अन्य को दें। जांच की जिम्मेदारी निभाएं, क्या हम इस देश के नागरिक नहीं हैं, क्या हम इस देश के कानून और संविधान के लिए खड़े नहीं होते हैं? उन्होंने कहा कि अगर सच बोलने की यही सजा है तो मैं ऐसी सजा हजार बार भुगतने को तैयार हूं।

## सावरकर के परिजनों द्वारा दायर मानहानि की शिकायत के संबंध में पुणे की एक अदालत में पेश नहीं हुए राहुल

**पुणे (एजेंसी)**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद के शीतकालीन सत्र के कारण हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर के परिजनों द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत के संबंध में पुणे की एक अदालत में पेश नहीं हुए। गांधी के वकील मिलिंद पवार ने कहा कि उनके मुवक्किल ने संसद के चल रहे सत्र के कारण पेशी से छूट मांगी थी, उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता 10 जनवरी को अदालत में उपस्थित होंगे।

सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर ने पुणे की एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में अपने भाषण में कहा था कि सावरकर ने एक किताब में लिखा है कि उन्होंने और उनके पांच-छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें (सावरकर को) खुशी हुई थी।

याचिका के अनुसार, वीडी सावरकर ने ऐसा कहीं नहीं लिखा है। उस समय, अदालत ने पुलिस से आरोपों की जांच



करने और रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। विश्रामबाग पुलिस ने जांच के बाद कहा कि शिकायत में प्रथम दृष्टया सच्चाई है। 18 नवंबर को संयुक्त सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमोल शिंदे की एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने एक आदेश जारी कर गांधी को 2 दिसंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता संग्राम कोल्हटकर ने अदालत से गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया, क्योंकि वह तीन मौकों पर अदालत में पेश होने में विफल रहे। कोल्हटकर ने तर्क दिया कि यह अदालत की अवमानना है, क्योंकि गांधी समन मिलने के बावजूद पेश होने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 174 (लोक सेवक के आदेश का पालन न करना) के तहत कार्रवाई की मांग की गई है।

कोल्हटकर ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि अगर वह 10 जनवरी को अदालत में पेश नहीं होते हैं, तो गैर जमानती वारंट जारी किया जाएगा। कोल्हटकर ने 26 नवंबर को राहुल गांधी द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित कुछ समाचार कटिंग भी प्रस्तुत कीं, जिसमें राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ इसी तरह की टिप्पणी की थी। उन्होंने अदालत से गांधी को सावरकर के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोकने के लिए कहा, जिस पर न्यायाधीश शिंदे ने मौखिक रूप से अधिवक्ता पवार से कहा कि वह अपने मुवक्किल से ऐसी टिप्पणी न करने के लिए कहें।

# महिलाओं को समंदर के जहाजों और तटवर्ती संस्थानों में काम करने का मिला मौका

### बदलती तकनीकी के चलते अगली पीढ़ी की लीडरशिप है एक बड़ा चैलेंज


**नई दिल्ली (एजेंसी)**। इंडियन नेवी-डे 4 दिसंबर के उपलक्ष्य में नौसेना चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने नौसेना की तेजी से बदलती तकनीकी जरूरतों, महिलाओं के योगदान और आगामी पीढ़ी की लीडरशिप के बारे में कहा कि तेजी से बदलती तकनीकी और जियोपॉलिटिकल स्थिति के चलते अगली पीढ़ी की लीडरशिप के लिए यह एक बड़ा चैलेंज है। हम अपने जवानों को तैयार कर रहे हैं ताकि वे किसी भी स्थिति से निपट सकें। हम हमेशा तकनीकी में एक कदम आगे रहने की कोशिश करते हैं, ताकि दुश्मन के पास जो जानकारी हो, वह हमारे पास भी हो।

नौसेना चीफ ने कहा कि महिलाओं के लिए भारतीय नौसेना में हर तरह के रोल खुले हैं, केवल सबमरीन में महिलाओं को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में शुरू की गई अग्निपथ स्कीम में महिलाओं को समंदर के जहाजों और तटवर्ती संस्थानों में पूरी तरह से काम करने का मौका दिया है और इस प्रक्रिया में कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि जब वे 10वीं क्लास में थे, तो मुंबई में समंदर देख कर उनका मन बदल गया और तब से उनका सपना भारतीय नौसेना में शामिल होने का था। एडमिरल त्रिपाठी ने मर्चेंट नेवी और इंडियन नेवी के अंतर को भी बताया। मर्चेंट नेवी का काम समुद्री व्यापार को सुरक्षित रूप से संचालन करना है, जबकि इंडियन नेवी का मुख्य काम समुद्री सुरक्षा प्रदान करना है। नौसेना चीफ ने बताया कि नेवी में करियर बनाने के कई रास्ते हैं। 12वीं के बाद एनडीए या नेवल अकेडमी से ऑफिसर बनने का मौका है या फिर किसी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने के बाद एक परीक्षा पास कर नेवी में ऑफिसर बन सकते हैं। इसके अलावा, अग्निपथ स्कीम के तहत भी लोग सेलर के रूप में नेवी में शामिल हो सकते हैं। इस तरह, भारतीय नौसेना ने अपनी ताकत और विविधता को लगातार बढ़ाया है, जिसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है।



## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन ने रूस के रिकॉर्ड रक्षा खर्च को मंजूरी दी



**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बजट योजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत 2025 तक रक्षा खर्च को रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ा दिया जाएगा। इस कदम को मॉस्को द्वारा युद्ध में यूक्रेन से बढ़त हासिल करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। रविवार को सरकारी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बजट का लगभग 32.5 प्रतिशत राष्ट्रीय रक्षा के लिए आवंटित किया गया है, जो मौजूदा वर्ष के 28.3 प्रतिशत से अधिक है। रूसी संसद के दोनों सदनों – स्टेट ड्यूमा और फेडरेशन काउंसिल – के सांसदों ने बजट योजनाओं को मंजूरी दे दी है। रूस–यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था और यह जंग द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है और दोनों पक्षों ने अपने संसाधन इसमें झोंक दिये हैं। कीव को अपने पश्चिमी सहयोगियों से अरबों डॉलर की मदद मिल रही है।

### अलास्का के समुद्र में मछुआरों की नौका पलटी, पांच लोग लापता



**जुनो, एजेंसी।** अलास्का की राजधानी जुनो के समीप खराब मौसम के बीच मछुआरों की एक नौका के समुद्र में पलट जाने से पांच लोग लापता हो गए और उनकी तलाश की जा रही है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने रविवार को यह जानकारी दी। तटरक्षक बल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, लगभग 50 फुट लंबी नौका 'विंड वॉकर' के चालक दल ने रात 12 बजकर 10 मिनट पर संदेश भेजा कि उनकी नौका पलटने वाली है, लेकिन इसके अलावा और कुछ जानकारी नहीं दे पाया। बाद में पता चला कि 'विंड वॉकर', जूनो के दक्षिण–पश्चिम में पॉइंट कुवर्डन के पास पानी में पलट गई। विज्ञप्ति के अनुसार, 'एएमएचएस हबर्ड' नौका के चालक दल ने यह संदेश सुना और वे घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे। बचाव कार्य के लिए तटरक्षक बल ने एक 'एमएच–60 जेहॉक' हेलीकॉप्टर और एक नौका को मौके पर भेजा। तलाशी अभियान जारी है। तटरक्षक बल ने बताया कि कुछ लोगों के अनुसार 'विंड वॉकर' पर पांच लोग सवार थे, लेकिन अधिकारियों ने लोगों की संख्या के संबंध में पुष्टि नहीं की है।

### फ्रांस में स्की रिजॉर्ट के पास बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत



**पेरिस, एजेंसी।** दक्षिणी फ्रांस में एक स्की रिजॉर्ट के पास रविवार शाम एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि पोर्टे–प्यूमोरेंस स्की रिजॉर्ट के पास जो बस दुर्घटनाग्रस्त हुई उसमें चालक सहित कुल 47 लोग सवार थे। सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि बस एक चट्टान से टकराने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई, लेकिन फिलहाल हादसे का वास्तविक कारण ज्ञात नहीं है। स्थानीय अग्निशमन सेवा द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बस को एक चट्टान पास देखा जा सकता है और टक्कर के कारण वाहन का दाहिना भाग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है तथा इसकी खिड़कियों के शीशे टूटकर बिखरे हुए थे। राहत कार्य में पड़ोसी देश एंडोरा और स्पेन की भी मदद ली गई और हेलीकॉप्टर भी तैनात किए गए।

### अमेरिका ने यूक्रेन को परमाणु हथियार लौटाने से किया इनकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने रविवार को कहा कि अमेरिका यूक्रेन को वे परमाणु हथियार लौटाने पर विचार नहीं कर रहा है, जो उसने सोवियत संघ के पतन के बाद छोड़े थे। सुलिवन ने यह टिप्पणी पिछले महीने एक अखबार में लिखे एक लेख के बारे में पूछे जाने पर की जिसमें कहा गया था कि कुछ अज्ञात पश्चिमी अधिकारियों ने सुझाव दिया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पद छोड़ने से पहले यूक्रेन को हथियार दे सकते हैं। रूस ने इस पर कड़ी आपत्ति जाहिर की थी ।जैक सुलिवन ने कहा कि, इस पर विचार नहीं किया जा रहा है। हम जो कर रहे हैं वह यूक्रेन को विभिन्न पारंपरिक क्षमताएं प्रदान करना है ताकि वे प्रभावी रूप से अपना बचाव कर सकें और रूसियों से मुकाबला कर सकें, न कि उन्हें परमाणु क्षमता देने पर विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कीव को 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद उससे परमाणु हथियार विरासत में मिले थे, लेकिन 1994 में बुडापेस्ट मेमोरेंडम नामक समझौते के तहत रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन से सुरक्षा आश्वासन के बदले में उसने उन्हें छोड़ दिया था।

# बांग्लादेश में 54 इस्कॉन सदस्यों को भारत जाने से रोका

**कहा- स्पेशल परमिशन नहीं है, धार्मिक समारोह में भाग लेने जा रहे थे**




**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की इमिग्रेशन पुलिस ने वैध पासपोर्ट और वीजा के साथ भारत जा रहे इस्कॉन के 54 सदस्यों को बॉर्डर पर रोक दिया। ये लोग एक धार्मिक समारोह में भाग लेने भारत जा रहे थे। इसे लेकर इमिग्रेशन पुलिस का कहना है कि उनके पास भले ही वैध पासपोर्ट और वीजा थे, लेकिन गवर्नमेंट की स्पेशल परमिशन नहीं थी। बेनापोल इमिग्रेशन पुलिस के एक अधिकारी ने द डेली स्टार अखबार से कहा- हमने पुलिस की स्पेशल ब्रांच से बात की। जहां से हमें इस्कॉन सदस्यों को बॉर्डर पार न जाने देने के निर्देश मिले। देश के अलग-अलग जिलों से आया श्रद्धालुओं का जत्था भारत जाने के लिए बेनापोल बॉर्डर पर पहुंचा था। वे बेनापोल में बॉर्डर पार जाने के लिए घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन बाद में बताया गया कि उन्हें इसकी परमिशन नहीं है।

इस्कॉन सदस्य सौरभ तपंदर चेली ने कहा- हम भारत में हो रहे एक धार्मिक समारोह में भाग लेने जा रहे थे, लेकिन इमिग्रेशन अधिकारियों ने हमें सरकारी परमिशन न होने का हवाला देकर रोक दिया। अब तक चार इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी का दावा वहीं, दूसरी तरफ कोलकाता इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने बांग्लादेश में अब तक 4 इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी का दावा किया है। चार हिंदू पुजारियों की तस्वीर पोस्ट करते हुए राधारमण दास ने लिखा- क्या ये आतंकवादी जैसे दिखते हैं? इन सभी को बांग्लादेशी पुलिस ने बिना किसी कारण के गिरफ्तार कर लिया है।

हालांकि, चिन्मय प्रभु के अलावा अन्य इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी या हिरासत पर बांग्लादेश की तरफ से अब तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। बांग्लादेश इस्कॉन ने चिन्यम प्रभु से नाता तोड़ा हिंदू धर्मगुरु चिन्मय प्रभु की रिहाई को लेकर बांग्लादेश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं, इस्कॉन बांग्लादेश ने चिन्मय प्रभु से खुद को अलग कर लिया है। महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने कहा कि अनुशासन भंग करने की वजह से चिन्मय को पहले ही संगठन के सभी पदों से हटा दिया गया था।

इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक अकाउंट सीज न्यूज एजेंसी क्क्षद्ध के मुताबिक यूनुस प्रशासन ने इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक अकाउंट्स 30 दिनों के लिए सीज कर दिए हैं। इसमें चिन्मय प्रभु का अकाउंट भी शामिल है। बांग्लादेश फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने गुरुवार को अलग-अलग बैंकों को इसके निर्देश भेजे। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस एजेंसी ने सेंट्रल बांग्लादेश बैंक से इन सभी 17 लोगों से जुड़े अकाउंट्स से हुई लेन-देन की जानकारी 3 दिन के भीतर भेजने को कहा है।

## बांग्लादेश : दो हिंदु भिक्षु गिरफ्तार, चटगांव के 70 अल्पसंख्यक वकीलों-पत्रकारों पर केस दर्ज



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने चटगांव के 70 अल्पसंख्यक वकीलों और दो पत्रकारों के खिलाफ झूठा और परेशान करने वाला केस दर्ज होने पर हैरानी और चिंता जाहिर की है। इस बीच इस्कॉन कोलकाता ने दो हिंदू भिक्षुओं और एक अन्य की गिरफ्तारी व इस्कॉन सेंटर पर हमले का भी दावा किया। अल्पसंख्यक पत्रकारों और वकीलों के खिलाफ 30 नवंबर को कोतवाली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें इन पर देशी बम विस्फोट और वाहनों में तोड़फोड़ करने में शामिल होने का आरोप लगाया गया।

रविवार को एक आधिकारिक बयान में, परिषद ने इस केस को मानवाधिकारों और कानून के शासन का उल्लंघन बताया परिषद ने कहा कि यह केस पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के खिलाफ दर्ज राजद्रोह मामले को बाधित करने और इससे जुड़े समाचारों के प्रकाशन-प्रसार को जबरन रोकने के गुप्त इरादे से दायर किया गया। परिषद ने यह भी मांग की कि बांग्लादेशी सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारी तुरंत झूठे मामले को वापस लें, वकीलों और पत्रकारों को रिहा करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

इस बीच, शनिवार को इस्कॉन कोलकाता ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने दो भिक्षुओं, आदिपुरुष श्याम दास और रंगनाथ दास ब्रह्मचारी, के साथ-साथ चिन्मय कृष्ण दास के सचिव को भी गिरफ्तार किया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन ने कहा कि भिक्षुओं को शुक्रवार को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया जब वे चिन्मय कृष्ण दास से मिलने के बाद घर जा रहे थे। चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

राधा रमन ने खुद के बनाए गए एक वीडियो में कहा, 29 नवंबर को जब आदिपुरुष श्याम दास और रंगनाथ दास ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण प्रभु से मिलकर लौट रहे थे, तो उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हमें यह भी जानकारी मिल रही है कि चिन्मय कृष्ण दास के सचिव को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि दंगाइयों ने बांग्लादेश में इस्कॉन केंद्र में तोड़फोड़ की। बांग्लादेश में स्थिति तब से तनावपूर्ण है जब आध्यात्मिक उपदेशक चिन्मय कृष्ण दास पर 25 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। उन पर चटगांव में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर भगवा झंडा फहराने के आरोप में देशद्रोह का आरोप लगाया गया।

दास की गिरफ्तारी के बाद, 27 नवंबर को चटगांव कोर्ट बिल्डिंग क्षेत्र में पुलिस और आध्यात्मिक गुरु के कथित अनुयायियों के बीच झड़प के दौरान एक वकील की मौत हो गई थी। शुक्रवार को, भारत ने बांग्लादेश में चरमपंथी बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बांग्लादेशी सरकार के साथ हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार मजबूती के साथ उठाया है।

## कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर कनाडा ने ओपन एआई पर किया मुकदमा

**टोरंटो, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित चैटबॉट चैट जीपीटी के निर्माता ओपन एआई के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि ओपन एआई ने अपने सॉफ्टवेयर को प्रशिक्षित करने के लिए समाचार लेखों का अवैध रूप से इस्तेमाल किया। इससे कॉपीराइट और ऑनलाइन उपयोग की शर्तों का उल्लंघन हुआ है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक, ओपन एआई ने पत्रकारिता सामग्री का उपयोग अपनी एआई प्रणाली को प्रशिक्षित करने के लिए किया।

जॉर्जिया में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल महिला अपने पिता को ढूंढ रही थी, लेकिन वह ये जानकर हैरान रह गई वह जिस पिता को ढूंढ रही थी, वह बीते तीन वर्षों से उसकी फ्रेंड लिस्ट में शामिल थे। दरअसल तमुना मुसेरिद्जे नामक महिला को कुछ समय पहले पता चला कि उसके परिजनों ने उसे गोद लिया था। इस पर महिला ने अपने असली माता-पिता की खोज की। खोज करने पर उसे अपनी मां के बारे में पता चला। मां से ही उसे अपने पिता के नाम का पता चला। महिला ने जब पिता के नाम से फेसबुक पर सर्च किया तो वो ये जानकर हैरान रह गई, उसके पिता उसकी फ्रेंड लिस्ट में बीते तीन वर्षों से शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुसेरिद्जे की मां और उसके पिता के बीच अफेयर था, जिससे शादी से पहले ही मुसेरिद्जे की मां गर्भवती हो गई।

# यूक्रेन-रूस और इस्राइल-हमास युद्ध से हथियारों की बिक्री बढ़ी, 4.2 फीसदी का हुआ इजाफा

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** दुनिया में छिड़े दो बड़े युद्धों से हथियार बाजार में गरमा-गरमी है। कोरोना काल के बाद भड़के यूक्रेन-रूस युद्ध और पिछले साल अक्तूबर में इस्राइल-हमास युद्ध के बाद हथियारों का बाजार तैयार हो गया है। पिछले साल 632 अरब डॉलर के हथियारों और सैन्य सेवाओं की बिक्री हुई थी। यानी की 4.2 फीसदी अधिक। यह दावा स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की एक रिपोर्ट में किया गया है।

**पिछले साल 4.2 फीसदी की हुई ब्रिकी :** रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल यूक्रेन और गाजा में हो रहा युद्ध तथा एशिया में तनाव के कारण प्रमुख हथियार निर्माताओं की बिक्री में वृद्धि हुई थी, जबकि रूस और मध्य पूर्व में स्थित निर्माताओं के



लिए उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। एसआईपीआरआई का कहना है कि दुनिया की 100 सबसे बड़ी हथियार कंपनियों द्वारा हथियारों और सैन्य सेवाओं की बिक्री 2023 में कुल 632 अरब डॉलर थी, जो 4.2 प्रतिशत अधिक थी।

**पहली बार एक अरब डॉलर की बिक्री की थी :** आगे बताया गया कि 2022 में राजस्व में गिरावट आई थी क्योंकि वैश्विक हथियार निर्माताओं को मांग में वृद्धि को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन उनमें से कई पिछले साल उत्पादन बढ़ाने में कामयाब रहे। मांग में इस उछाल के संकेत में, सभी 100 कंपनियों ने पिछले साल पहली बार एक अरब डॉलर से अधिक की बिक्री हासिल की। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोधकर्ता लोरेंजो स्काराज्जातो ने कहा, पिछले साल हथियारों के राजस्व में काफी वृद्धि हुई है। इस साल भी यह जारी रहने की संभावना है।

**आने वाले समय में हथियारों की ब्रिकी को..** उन्होंने कहा कि दुनिया की शीर्ष 100 हथियार कंपनियां अभी भी ब्रिकी की मांग को पूरा नहीं कर पा रही हैं। कई कंपनियों ने भर्ती करना शुरू कर दिया, जिससे साफ होता है कि वे आने वाले समय में हथियारों की ब्रिकी को लेकर आशावादी है। एसआईपीआरआई ने कहा कि गाजा और यूक्रेन में युद्धों, पूर्वी एशिया में बढ़ते तनाव और अन्य क्षेत्रों में पुनः शस्त्रीकरण कार्यक्रमों से जुड़ी मांग को पूरा करने में छोटे उत्पादक अधिक प्रभावी रहे हैं।

**अमेरिका की कंपनियां उत्पादों में सबसे आगे :** पिछले साल अक्तूबर में इस्राइल-हमास युद्ध ने भी हथियारों की खरीद की रेस को बढ़ाया है। इस्राइल के पास अपने बूते हथियारों का बड़ा जखीरा है, वहीं हमास के पक्ष में ईरान और खाड़ी के अन्य देशों ने अपने भंडारों को खोल दिया है।

इन सबको ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका की कंपनियां उत्पादों में आगे हैं। दुनिया के शीर्ष 100 में 41 अमेरिकी हथियार उत्पादक हैं। उसने पिछले साल अपनी बिक्री में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और अभी भी दुनिया के आधे हथियार राजस्व के लिए जिम्मेदार हैं। दूसरी ओर, दुनिया के दो सबसे बड़े हथियार निर्माता, लॉकहीड मार्टिन और आरटीएक्स (पूर्व में रेथियॉन टेक्नोलॉजीज) ने क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की राजस्व में गिरावट दर्ज की।

## अमेरिकी आईलैंड में ताइवानी राष्ट्रपति के वेलकम से चीन नाराज

**कहा- हमारी पूरे मामले पर बारीक नजर, जवाबी कार्रवाई करेंगे**

**हवाई, एजेंसी।** ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते एक हफ्ते के पैसिफिक आईलैंड्स के दौरे पर हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत अमेरिका के हवाई प्रांत से की, जहां रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ अमेरिका ने ताइवान को और अधिक हथियार बिक्री के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अमेरिका का ये फैसला चीन को नागवार गुजरा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने ताइवान को एफ-16 जेट विमानों और राडार के लिए स्पेयर पार्ट्स और सपोर्ट की लगभग 385 मिलियन डॉलर की बिक्री को मंजूरी दी है।

अलजजीरा के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखेगा और अपने देश की देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बचाने के लिए ठोस कदम उठाएगा। हथियार बिक्री के मुद्दे पर चीन ने कहा- अमेरिका का यह फैसला ताइवान इन्डेपेन्डेन्ट फोर्स को गलत मैसेज देगा। हम इस पर जवाबी कार्रवाई करेंगे।

**मार्शल आइलैंड, तुवालु और पलाऊ भी जाएंगे :** लाई चिंग-ते ने पर्ल




हार्बर में यूएसए एरिजोना मेमोरियल का दौरा किया। यहां उन्होंने कहा कि अमेरिका और ताइवान को युद्ध को रोकने के लिए एक साथ लड़ना चाहिए। शांति अमूल्य है और युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। हवाई के बाद लाई चिंग-ते मार्शल आइलैंड, तुवालु और पलाऊ का दौरा करेंगे।

पैसिफिक रीजन में ये राष्ट्र ही ताइवान को एक स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता देते हैं। ताइवान पर चीन के कब्जे का डर 1940 के दशक में जब चीन का शासन कम्युनिस्ट पार्टी के हाथ में आया तो बचे हुए राष्ट्रवादी देश छोड़ ताइवान द्वीप पर जा बसे थे। इन राष्ट्रवादियों ने ताइवान में लोकतांत्रिक शासन लागू किया था।

चीन ताइवान को अपना ही हिस्सा मानता है। जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश मानता है। चीन इसलिए ताइवान पर कब्जा करना चाहता है। ताइवान पर कब्जा करके चीन पश्चिमी प्रशांत महासागर इलाके में अपना दबदबा दिखाने के लिए आजाद हो जाएगा। इससे गुआम और हवाई जैसे अमेरिकी मिलिट्री बेस के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। इसके अलावा ताइवान अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर का सबसे बड़ा निर्माता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने बेटे हंटर को माफी दी : अवैध तरीके से बंदूक खरीदने-टैक्स चोरी में दोषी थे



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर बाइडन को माफी दे दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक वे अवैध तरीके से बंदूक रखने और टैक्स चोरी के मामले में सजा का सामना कर रहे थे। बाइडेन ने बयान जारी कर कहा- जिस दिन से मैंने पद संभाला है, मैंने कहा है कि न्याय विभाग के फैसले में दखल नहीं दूंगा। मैंने अपना यह वादा निभाया भी है, लेकिन मैंने देखा कि मेरे बेटे को निशाना बनाया जा रहा है। उस पर गलत तरीके से मुकदमा चलाया गया।

बाइडेन ने कहा कि उन्हें कानून व्यवस्था पर पूरा यकीन है, लेकिन राजनीति ने इसे गंदा कर दिया है। यह न्याय व्यवस्था की नाकामी है। राष्ट्रपति ने कहा कि हंटर के मामले को देखने वाला कोई भी समझदार शख्स यह जानता होगा कि उसे सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह मेरा बेटा है। राष्ट्रपति ने कहा, हंटर को बर्बाद करने की कोशिश में कुछ लोगों ने मुझे भी कमजोर करना चाहा। यह सब अभी नहीं रुकता, इसलिए उन्हें अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करना पड़ा। अमेरिकी लोग समझेंगे कि एक पिता और राष्ट्रपति ने यह फैसला क्यों लिया।

सजा मिलने से 2 दिन पहले हंटर को माफी मिली हंटर को डेलावेयर कोर्ट में 4 दिसंबर को सजा सुनाई जानी थी। अवैध तरीके से बंदूक खरीदने के मामले में अधिकतम 25 साल तक की जेल हो सकती है, लेकिन कानून के कई जानकारों के मुताबिक पहला आपराधिक मामला होने की वजह से उन्हें 12 से 16 महीने तक की सजा हो सकती थी। सजा सुनाए जाने से ठीक 2 दिन पहले पिता बाइडेन ने अपनी राष्ट्रपति शक्तियों का इस्तेमाल कर बेटे बाइडेन को बचा लिया। हंटर को जून में दोषी पाए जाने से पहले बाइडेन ने कहा था कि अगर दोषी पाया गया तो अपने बेटे को कभी माफ नहीं करेंगे।

टैक्स चोरी मामले में 16 दिसंबर को मिलने वाली थी सजा दोष स्वीकार करने के बाद हंटर को अधिकतम 15 साल की सजा हो सकती थी। उन्हें 16 दिसंबर को कैलिफोर्निया में सजा सुनाई जाने वाली थी और करीब 11 करोड़ रुपए का जुर्माना देना पड़ सकता था। सजा सुनाए जाने से 14 दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने बेटे को माफी दे दी।

# ट्रम्प अपने समधी को फ्रांस में राजदूत बनाएंगे : टैक्स चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दामाद जैरेड कुशनर के पिता यानी अपने समधी चार्ल्स कुशनर को फ्रांस में अगले अमेरिकी राजदूत के तौर पर नॉमिनेट करने की घोषणा की है। ट्रम्प ने चार्ल्स कुशनर को बेहतरीन बिजनेस लीडर, परोपकारी और डीलमेकर बताया है। ट्रम्प और चार्ल्स कुशनर एक दूसरे को रियल एस्टेट बिजनेस से जानते हैं। साल 2009 में ट्रम्प की बेटी इवांका और चार्ल्स कुशनर के बेटे जैरेड कुशनर की शादी से ये पहचान रिश्तेदारी में बदल गई।

बिजनेस स्टैंडर्ड के मुताबिक, चार्ल्स कुशनर को साल 2005 में गलत टैक्स रिटर्न तैयार करने और फेडरल इलेक्शन कमीशन को झूठा बयान देने का अपराधी पाया गया था। उन्होंने इस मामले में 16 महीने से ज्यादा जेल में बिताए। 2020 में ट्रम्प ने प्रेसिडेंट पावर का इस्तेमाल कर उन्हें माफ कर दिया था।

**ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर किया राजदूत बनाने का ऐलान :** ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने कहा- मुझे न्यू जर्सी के चार्ल्स कुशनर को फ्रांस में अमेरिकी राजदूत के तौर पर नॉमिनेट करते हुए बहुत खुशी हो रही है। वह एक बेहतरीन बिजनेस लीडर, परोपकारी और डीलमेकर हैं, जो हमारे देश और उसके हितों को पेश करने वाले एक मजबूत वकील होंगे। उन्होंने आगे लिखा कि चार्ली (चार्ल्स कुशनर) कुशनर कंपनियों के फाउंडर और चेयरमैन हैं, जो देश की सबसे बड़ी और सबसे सफल प्राइवेट रियल एस्टेट फर्मों में से एक है। उन्हें अर्न्स्ट एंड यंग ने न्यू जर्सी एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर के तौर पर मान्यता दी। उन्होंने न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के पोर्ट अथॉरिटी के कमिश्नर और चेयरमैन के तौर भी काम किया,



साथ ही एनवायू समेत हमारे टॉप इंस्टीट्यूशन के बोर्ड में भी काम किया।

**कुशनर फैमिली की अमेरिका में 20 हजार से ज्यादा प्रॉपर्टी :** ट्रम्प के पिछले मंत्रिमंडल में उनके दामाद जैरेड कुशनर काफी अहम पोजिशन रखते थे। अब्राहम अकॉर्ड के साथ-साथ इज़राइल, यूएई और बहरीन के बीच 2020 के शांति समझौते की मध्यस्थता में जैरेड का बड़ा रोल था। चार्ल्स कुशनर अमेरिका के जाने-माने रियल एस्टेट डेवलपर हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, उनकी फैमिली के अमेरिका में करीब 20 हजार से ज्यादा अपार्टमेंट हैं। चार्ल्स पोलिश मूल के यहूदी हैं। उनका परिवार 1949 में पोलैंड से अमेरिका आ बसा था। कुशनर फैमिली की न्यूजर्सी, पेनसिल्वेनिया और मैरीलैंड में कई लाख वर्ग फीट से ज्यादा की प्रॉपर्टी और इंडस्ट्रियल एरिया में जमीनें हैं।

**रियल एस्टेट ब्रोकर ने कराई इवांका और जैरेड की मुलाकात :** जैरेड की इवांका से पहली मुलाकात जुलाई 2005 में एक रियल एस्टेट ब्रोकर के जरिए हुई थी। - इनकी दोस्ती आगे बढ़ी। उस वक्त कुशनर ने अपने पिता का कामकाज संभाला ही था। - कुशनर एक यहूदी फैमिली से हैं। ऐसे में कुछ वक्त बाद धर्म को लेकर दोनों के रिश्तों में ब्रेक आ गया। - कुशनर का परिवार रूढ़िवादी है और उसने इवांका के धर्म को लेकर आपत्ति उठाई थी।

**शादी तक ऐसे पहुंची बात :** मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक जैरेड कुशनर के बहुत करीबी रहे। वहीं, मर्डोक की वाइफ रहीं चीनी एक्ट्रेस वेंडी डेंग इवांका की अच्छी दोस्त हैं। - लिहाजा इन दोनों ने मिलकर कुशनर और इवांका को वापस मिलाया और जब दोनों की दूरिया मिटीं, तो बात शादी तक पहुंची। - 25 अक्टूबर 2009 में दोनों ने शादी की। इनके तीन बच्चे बेटी अराबेला रोज, बेटा जोसेफ और थ्योडोर हैं।

# चंडीगढ़ पहुंचे पीएम मोदी और अमित शाह, 3 नए आपराधिक कानून किए राष्ट्र को समर्पित

**चंडीगढ़** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज चंडीगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस की ओर से तीनों नए आपराधिक कानूनों को लेकर आयोजित की गई प्रदर्शनी का जायजा लिया। प्रधानमंत्री मोदी के साथ इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी और अमित शाह यहां तीन नए आपराधिक कानून-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित करने पहुंचे थे। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आज का दिन हमारी आपराधिक प्रणाली में स्वर्ण अक्षरों से अंकित किया जाएगा। आज भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को पूर्णतः क्रियान्वित करने



वाला पहला यूनिट हमारा चंडीगढ़ बनने जा रहा है।

### खत्म हुए अंग्रेजों के बनाए कानून

अमित शाह ने कहा कि इससे पहले जो कानून थे, वो 160 साल पहले अंग्रेजों द्वारा बनाए गए थे और नागरिकों की जगह अंग्रेजों के शासन की सुरक्षा के लिए बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि मोदी द्वारा ये जो कानून लाए गए हैं, ये भारतीयों द्वारा, भारत की संसद में और भारतीयों को न्याय व सुरक्षा दिलाने के लिए बनाए गए हैं। पीएम मोदी ने सरकार के सभी विभागों से एक आग्रह किया कि हमारे प्रशासन से गुलामी के सभी चिन्हों को समाप्त कर नए भारत की सोच को प्रत्यापित करना चाहिए। इस प्रदर्शनी और तीन नए आपराधिक कानूनों का मकसद औपनिवेशिक युग के कानूनों को हटाना है और आम जनता को जल्दी से न्याय दिलाना है। पूरे मिशन के लिए नारा दिया गया है-सुरक्षित समाज, विकसित भारत-सजा से न्याय तक।

### न्याय को लेकर पीएम मोदी का दृष्टिकोण

उन्होंने कहा कि तीनों नये आपराधिक कानूनों का कांसेप्ट प्रधानमंत्री मोदी के उस दृष्टिकोण से प्रेरित है जिसके तहत वे औपनिवेशिक युग के कानूनों को हटाना चाहते थे। ये कानून स्वतंत्रता के बाद भी जारी थे। प्रधानमंत्री मोदी सरकार का मकसद सजा से ध्यान हटाकर न्याय पर ध्यान केंद्रित करना और न्यायिक प्रणाली को बदलना था। तीनों नए आपराधिक कानूनों को 1 जुलाई को देश भर में लागू किया गया था। इसका मकसद कानूनी प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और समसामयिक समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाना है।

# हरियाणा में 35 हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार, पीएम करेंगे शुरूआत...

**पंचकूला** । हरियाणा में भाजपा एक नई योजना की शुरुआत करने की तैयारी में है। इस योजना का सबसे ज्यादा लाभ प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं उठा सकेंगी। इस योजना का नाम 'बीमा सखी' है, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को पानीपत से करेंगे ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस 'बीमा सखी' योजना की शुरुआत करेंगे, उसका उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को स्वरोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाना है। गौरतलब है कि बीमा सखी योजना को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के सहयोग से चलाया जाएगा। इसके तहत महिलाओं को बीमा संबंधी प्रशिक्षण देकर उन्हें बीमा सखी के रूप में नियुक्ति दी जाएगी। इस योजना को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा जागरुकता बढ़ाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

योजना से जुड़ने वाली महिलाओं को पहले वर्ष



हर महीने 7 हजार रुपये, दूसरे साल प्रति माह 6 हजार रुपये और तीसरे वर्ष प्रति माह 5 हजार रुपये वेतनमान मिलेगा। इसके अलावा 'बीमा सखी' जितनी संख्या में बीमा करेंगी, उनका कमीशन भी उन्हें अलग से दिया जाएगा. जबकि महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये अतिरिक्त धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी. शुरूआती चरण में लगभग 35 हजार महिलाओं को इस योजना का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### ऐसे रहेगी आवेदन करने की प्रक्रिया

-ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं.

-बीमा सखी योजना पर क्लिक करें

-फॉर्म डाउनलोड करें और मांगी गई जानकारी भरें

-आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें

-सबमिट बटन पर क्लिक करें

### बीमा सखी बनने की पात्रता

-आवेदन करने वाली महिलाओं की आयु 18 से 50 वर्ष होनी चाहिए

-ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली महिलाएं योजना का लाभ उठा सकेंगी

-न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास होना अनिवार्य

# प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से दुखी: कुमारी शैलजा



गांव हसनगढ़ में कुमारी शैलजा अखिल भारतीय धानक उत्थान महासंघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष शमशेर हसनगढ़ की सुपुत्री के विवाह समारोह में पहुंची

संस्कार उजाला

**हरियाणा/ हिसार (गरिमा) :** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा गांव हसनगढ़ में अखिल भारतीय धानक उत्थान महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष व कांग्रेसी कार्यकर्ता शमशेर हसनगढ़ की सुपुत्री शिवानी के विवाह समारोह में आशीर्वाद देने पहुंची` सांसद कुमारी शैलजा का इस विवाह समारोह में पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया` कुमारी शैलजा ने ग्रामीण महिलाओं से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी` ग्रामीण महिलाएं कुमारी शैलजा से मिलने के बाद काफी उत्साहित नजर आई` इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद कुमारी शैलजा के समक्ष अपनी समस्याएं रखी और वर्तमान सरकार की खामियों का रोना रोया` सांसद कुमारी शैलजा ने ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाया और पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार घमंड में चकनाचूर हो गई है` सरकार का अभी तक जीत का नशा नहीं उतरा है` प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से दुखी है` इस सरकार ने प्रदेश की जनता को कागजों और ऑनलाइन में उलझा कर रख दिया है धरातल पर कोई भी काम होता नजर नहीं आ रहा है` कांग्रेस में गुटबाजी बारे कुमारी शैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में किसी भी प्रकार की कोई गुटबाजी नहीं है` कांग्रेस के सभी नेता अपनी -अपनी तरह से कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं` वर्तमान सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रही है` सांसद कुमारी शैलजा ने अखिल भारतीय धानक उत्थान महासंघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष शमशेर हसनगढ़ की सुपुत्री शिवानी को अपना आशीर्वाद दिया और लंबी उम्र की कामना की ` सांसद कुमारी शैलजा इस विवाह समारोह में लगभग डेढ़ घंटा रुकी और वो दोपहर 3 बजे आई और शाम को लगभग साढ़े 4 बजे वहां से अंबाला के लिए रवाना हुई` इस अवसर पर एचपीएससी पूर्व सदस्य जगन्नाथ, पूर्व प्रत्याशी बाला देवी खेदड़, पूर्व चेयरमेन अजीत लितानी, पूर्व सरपंच राजेश भुटानी प्रभुवाला, कृषक समाज हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष व अंबेडकर एजुकेशन सोसाइटी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर नागर, डॉ अनंत राम बरवाला, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश गर्ग, अजय खेड़ी बर्की, समाजसेवी हरकिशन, करण सिंह नैन, चंद्र हर्ष, नरेश पातड, एडवोकेट नर सिंह सेलवाल, पूर्व जिला पार्षद सज्जन गैबीपुर, फूल कुमार साहू, बिरेन्द्र सेलवाल, जगबीर मलिक, कबीर छात्रावास पूर्व प्रधान रतन कुमार बडगुज्जर, उमेद नैन, सुंदर नागर, मदन पपोसा, जितेंद्र पूनिया, संतोष जांगड़ा, धर्मा प्रजापत पहेवा, पूर्व सरपंच राममेहर बोबुआ, जिला पार्षद कमल कायत, के.के.आर्य, विकास रतन महेंद्र सेतिया, हरपाल सेलवाल, कबीर छात्रावास प्रधान जोगी राम खुडिंया, पूर्व जिला पार्षद बलजीत सुरेवाला, कुसुम सेलवाल, डॉ स्वदेश कबीर, एडवोकेट डॉक्टर रामकुमार सोलंकी व हरियाणा ग्रामीण बैंक पूर्व डायरेक्टर कुलजीत घनघस समेत गांव हसनगढ़ व आसपास क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे`

# किसानों के दिल्ली कूच पर सीएम सैनी का बड़ा बयान, हरियाणा में एंट्री को लेकर रखी शर्त

**अंबाला।** हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे किसान आज यानी 12 दिसंबर रविवार को दिल्ली कूच कर रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की किसानों के दिल्ली कूच पर प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम सैनी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों की सभी फसलें रुक्कपर खरीदी जा रही हैं। प्रदेश में किसानों को तमाम सुविधाएं भी दी जा रही हैं। ऐसे में यहां पर किसान आंदोलन की जरूरत नहीं है।

शंभू और खनौरी बॉर्डर से पंजाब के किसान 6 दिसंबर को पैदल दिल्ली के लिए कूच करने वाले हैं। इसे लेकर हरियाणा सरकार अलर्ट हो गई है।



हरियाणा पुलिस की तरफ से किसानों के लिए आदेश जारी कर दिया गया है। उन्हें कहा गया है कि हरियाणा में वह तभी एंट्री ले सकेंगे, जब उनके पास दिल्ली कूच की परमिशन होगी। किसानों को यह भी बताना होगा कि वह दिल्ली में कहां पर धरना देंगे। हरियाणा पुलिस ने किसानों को मीटिंग के लिए बुलाया है। मीटिंग का न्योता अंबाला रुक्की तरफ से भेजा गया है। यह बैठक आज शाम करीब 4 बजे अंबाला में होगी।

सीएम सैनी ने कहा कि प्रदेश में किसानों को हम रुक्कदे रहे हैं। कांग्रेस ने झूठ फैलाया था कि रुक्कबंद हो जाएगा। नरेंद्र मोदी लगातार रुक्कको बढ़ाकर देने का काम कर रहे हैं। फसलों को रुक्कपर खरीदा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने किसानों को केवल बरगलाने का काम किया है। सीएम सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी वर्ग के हितों का ध्यान रखा है। यही कारण है कि एक बार फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस पार्टी ने महिला, युवा वर्ग, गरीब किसान का शोषण किया है।

# 36 वर्ष 10 माह की सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुए जनसंपर्क विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह

संस्कार उजाला

**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में कार्यरत गीत एवं नाटक अधिकारी (एसडीओ) वीरेंद्र सिंह 36 वर्ष 10 माह की सेवा पूरी कर सेवानिवृत हो गए हैं। कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी गई। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रोहित कुमार, अधीक्षक बिजेंद्र सिंह, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील कुमार एवं नरेंद्र सोनी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रोहित कुमार ने एसडीओ वीरेंद्र सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वीरेंद्र सिंह तबला



वादक के पद पर 5 फरवरी 1988 को भर्ती हुए थे। उन्होंने हिसार के अलावा अंबाला, फरीदाबाद, करनाल तथा चंडीगढ़ में लगभग 37 साल अपना कार्यकाल पूर्ण निष्ठा व दायित्व के साथ निभाया। उन्होंने बताया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिला प्रशासन द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेवारी सौंपी गई, उसको उन्होंने बेहतर ढंग से सदैव पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ पूरा किया। इसके अलावा सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील कुमार, ड्रामा इंस्पेक्टर अनिल, लिपिक सुरेश पुनिया सहित अन्य विभागीय कर्मचारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे। ड्रामा इंस्पेक्टर अनिल एवं कलाकार आजाद सिंह खांडा सहित अन्य विभागीय कलाकारों ने विदाई गीत गाकर उनके लगभग साढ़े 37 साल के कार्यों की प्रशंसा की। भजन पार्टी द्वारा विदाई समारोह गीत प्रस्तुत कर भावविभोर कर दिया गया। विदाई समारोह में एसडीओ वीरेंद्र सिंह की पत्नी बबली देवी, उनके दोनों पुत्र एवं पुत्रवधू सहित उनके पारिवारिक एवं लेखाकार सत्यवीर सिंह, आईसीए प्रदीप कुमार व नरेंद्र सिंह, लिपिक अशोक कुमार, रोहताश, भजन पार्टी से मनोज कुमार, सूरजभान, सुंदर सिंह, राजेंद्र, फुल कुमार, रणबीर सिंह, आशीष कुमार, दीपक, प्रशिक्षु ललित, चिराग आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा पुलिस की बड़ी कामयाबी: सोनीपत में सेरसा गैंग के 7 बदमाश काबू, व्यापारियों से मांगी करोड़ों की फिरौती

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर और सिद्धू मूसेवाला की हत्या को अंजाम देने वाले कुख्यात बदमाश अंकित सेरसा के 7 साथियों को गिरफ्तार किया है। इन पर सोनीपत के कई दुकानदारों से करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस आज इन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। फिलहाल अंकित सेरसा पंजाब की जेल में बंद है।

सोनीपत स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 की टीम ने इन बदमाशों के पास से 4 पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस और एक स्विफ्ट कार भी बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सागर निवासी सेरसा, सागर निवासी पानीपत, संदीप निवासी गांव राठधाना सोनीपत, मोहित निवासी रोहतक, अमित निवासी खेवड़ा और पंकज निवासी सैनी मोहल्ला सोनीपत के रूप में हुई है।

### व्यापारियों और दुकानदारों से मांगी रंगदारी

पुएंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर 7 के इंचार्ज अजय धनखड़ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश सागर निवासी गांव सेरसा अपने अन्य 6 साथियों के साथ मिलकर अंकित सेरसा के नाम पर व्यापारियों और दुकानदारों से रंगदारी मांग रहे थे। सोनीपत में एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर 7 इंचार्ज अजय धनखड़ ने मंगलवार को मीडिया से बताया कि बागपत यूपी के रहने वाले आदिल ने पुलिस को बताया था कि गढीर कॉलोनी कुंडली में उनका बादशाह होटल है। वह और भी कई लोगों के होटल संभालते हैं। इस बीच 14 नवंबर को होटल पर सागर निवासी सेरसा और उनके कुछ साथी आए और हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।


होटल संचालक ने बताया कि उससे इन बदमाशों ने 4 लाख रुपये की फिरौती मांगी। साथ ही कहा, पैसे ले जाकर अंकित निवासी सेरसा जो जेल में बन्द है, उसे देने हैं। यह फिरौती हमने अंकित के कहने पर ही मांगी है। गिरफ्तार आरोपी पहले भी हथियार के दम पर कई लोगों से रुपये छीन चुके हैं।



# देवर की हैवानियत, भाभी पर किया ब्लेड से हमला...चेहरा कर दिया लहूलुहान

बल्लभगढ़- हरियाणा के बल्लभगढ़ के अलीपुर गांव में घरेलू विवाद ने खतरनाक मोड़ ले लिया, जब एक देवर ने अपनी भाभी पर ब्लेड से हमला कर दिया। इस घटना में महिला के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद थाना तिगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने तुरंत अपने भाई के साथ बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल में उपचार कराया। इसके साथ ही आशा की शिकायत पर थाना तिगांव पुलिस ने रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है और आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव अलीपुर की रहने वाली आशा, जो साफ–सफाई का काम करती हैं, अपने पति से अलग रहते हुए एक अलग मकान में रहती हैं। उनका देवर रोहित, सास–ससुर के साथ बीपीएल कॉलोनी में रहता है। 1 दिसंबर को रोहित अपने मकान पर आया और आशा से गाली–गलौज करने के बाद वापस चला गया। इसके बाद आशा अपनी सास–ससुर से शिकायत करने उनके प्लॉट पर पहुंचीं। इसी दौरान रोहित ने दोबारा उनकी पिटाई की और इतने में धारदार ब्लेड से हमला कर दिया।

# फरीदाबाद : टोल पर गाड़ी फ्री करने को लेकर टोल कर्मी के साथ की मारपीट, हरियाणा पुलिस के जवान भी शामिल




फरीदाबाद। गदपुरी टोल पर बीती रात हरियाणा पुलिस के जवान और उसके साथियों ने गाड़ी फ्री करने को लेकर टोल कर्मी के साथ मारपीट की। ये पूरी घटना टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में टोल प्रशासन की ओर से टोल कर्मी के साथ हुई मारपीट के मामले में गदपुरी थाना में शिकायत दे दी है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 3:00 बजे दो गाड़ियां टोल पर पहुंचती है और उसमें से पहले गाड़ी में से पुलिस के जवान बाहर निकलते हैं और कार्ड दिखाकर अपनी गाड़ी फ्री कर लेते हैं, लेकिन इसकी एवज में टोल दिए बगैर दूसरी गाड़ी को निकालने की कोशिश की। इस पर जब टोल कर्मचारियों ने उसे रोका तो कार सवार 10 से 15 लोगों ने टोल कर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। टोल पर हुई पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस मामले में टोल प्रशासन ने पुलिस को शिकायत दे दी है। पुलिस ने इस मामले की जांच में शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर प्रोजेक्ट इंचार्ज राजेश कुमार प्रोजेक्ट ने कहा कि बीती रात टोल कर्मचारियों के साथ हरियाणा पुलिस के जवान और उसके साथियों ने मारपीट की है। इस मामले में पुलिस को शिकायत दे दी है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम से टोल कर्मियों में भय का माहौल बना हुआ है।

# बिजली विभाग का कारनामा : उपभोक्ता को भेजा 78 लाख 16 हजार का बिल, 9,99,322 यूनिट दिखाई खपत

गन्नौर/सोनीपत। बिजली विभाग अक्सर अपने कारनामों के कारण चर्चा का विषय बना रहता हे। बिजली बिल वितरण के बाद बिजली निगम की भारी लापरवाही देखने को मिली। बसंत विहार में एक घरेलू उपभोक्ता सरोज बाला के नाम 78 लाख 16 हजार 100 रुपए का बिजली बिल भेजा गया है। बिल में 9,99,322 यूनिट खपत दिखाई गई है, जो घरेलू उपभोक्ता के लिए असंभव है। बिल में लाखों रुपए के अतिरिक्त भारी भरकम शुल्क भी जोड़े गए हैं। बिजली विभाग की तरफ से भेजे गए बिल में 4,69,681 रुपए का फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट, 99,932 रुपए की इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी और 1,51,297 रुपए का म्युनिसिपल टैक्स शामिल हैं। इस असामान्य बिल ने उपभोक्ता को मानसिक तनाव (अद्वहृद्वश्ष्ठ) में डाल दिया है। उपभोक्ता सरोज बाला के बेटे अधिवक्ता विकास गुप्ता ने बताया कि बिजली का कनेक्शन उनकी मां के नाम पर लिया गया है। इस बार निगम द्वारा भेजा गया यह बिल स्पष्ट रूप से निगम की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने का निर्णय लिया है। विकास का कहना है कि इतनी बड़ी राशि का बिल घरेलू उपभोक्ता के लिए आना संभव नहीं है। उन्होंने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और मांग की कि ऐसी लापरवाहियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। यदि निगम अपनी इस गलती को जल्द से जल्द ठीक नहीं करता तो वह कानूनी कार्रवाई भी करेंगे। अब देखना यह होगा कि बिजली विभाग इस गंभीर त्रुटि को कैसे सुधारता है और उपभोक्ता को न्याय कैसे मिलता है।

# रेवाड़ी के निजी अस्पताल में मरीज ने किया सुसाइड, मचा हड़कंप

रेवाड़ी । रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक मरीज ने सुसाइड कर लिया। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए रेवाड़ी के नागरिक अस्पताल भेजा। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राजस्थान के बूढी बावल का रहने वाला 42 वर्षीय निहाल सिंह अस्पताल में भर्ती था। 28 नवंबर को गांव किशनगढ़ बालावास हिसार ट्रेन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया था। इसके बाद परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा था। मृतक युवक के 2 बच्चे हैं और मजदूरी करके घर का पालन पोषण करता था। इस घटना को लेकर थाना प्रभारी रतनलाल ने बताया है कि निजी अस्पताल में एक मरीज के सुसाइड करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि युवक मानसिक रूप से परेशान था।

# कुरुक्षेत्र : 4 दिन बाद जोहड से मिला युवक का शव, रिश्तेदारी में शादी में आया था

कुरुक्षेत्र । पिहोवा के गांव गुमथलागढ़ू के जोहड़ में एक युवक का शव मिला है। युवक का शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। इस मामले की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय अमरजीत गुजरात से अपने रिश्तेदार की शादी में गुमथलागढ़ू गांव में आया था। 29 नवंबर को सभी लोग गुरुद्वारा में गए। वापसी में जब वह घर आए तो अमरजीत घर नहीं मिला। आखिर में 4 दिन बाद गांव के जोहड से युवक का शव मिला। गांव के गोताखोर और ग्रामीणों ने मिलकर 17 वर्षीय युवक के शव को बाहर निकाला। इस मामले में पिहोवा गांव गुमथलागढ़ू के ग्रामीण जसतेज संधू ने बताया कि उनके गांव में एक नौजवान का शव 4 दिन से पानी से भरे पड़े जोहड़ में पड़ी हुई मिली। इस मामले में पुलिस को सूचना देने के बाद आरोपी को जोहड़ से बाहर निकाला गया। वहीं, पुलिस ने परिजनों के बयान लिए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा।

# पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बयान, कही ये बात

गोहाना । पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार आज यानी मंगलवार को गोहाना में बीजेपी के पूर्व सांसद किशन सिंह सांगवान की 12वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि किशन सिंह सांगवान बहुत ही एक अच्छे नेता थे उनके साथ भी काम करने का मौका मिला, वे सांसद और मंत्री रहे। इसके अलाव पंचायत मंत्री ने किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बयान दिया है। पंचायत मंत्री ने कहा कि किसानों के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार ने अनेक काम किए है, जहां मोदी की सरकार ने 12 करोड़ किसानों के खाते में 6 हजार रुपये किसान सम्मान निधि के रूप में देने का काम किया है।

# योगी सरकार ने विश्व दिव्यांग दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों और संगठनों को सम्मानित किया

## 19 दिव्यांगजनों और संगठनों को पुरस्कार मिले, 46 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किया गया और 324 छात्रों को टेबलेट वितरित किए गए

**संस्कार उजाला**

दिव्यांगजनों को 40 सहायक उपकरण भी दिए गए योगी सरकार ने दिव्यांग पेंशन बढ़ाई, नए बचपन डे केयर सेंटर खोले और विशेष विद्यालयों की संख्या बढ़ाई छात्रवृत्ति और शादी प्रोत्साहन योजनाओं में भी वृद्धि की गई है।योगी सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है - दिव्यांगजन मंत्री नरेंद्र कश्यप अन्य पिछड़े वर्ग के 2,53,211 छात्र-छात्राओं को पूर्वदशम छात्रवृत्ति के माध्यम से 54.38 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति हस्तांतरित लखनऊ, 03 दिसंबर 2024। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में भव्य राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों, उनके हित में कार्यरत संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने योगी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है। समारोह



में मुख्यमंत्री के हाथों 19 दिव्यांगजनों और दिव्यांगता के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 46 मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 'ओ लेवल' कंप्यूटर प्रशिक्षण पूरा करने वाले 28 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से 324 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए, जबकि इस वर्ष कुल 3,363 छात्रों को टेबलेट दिए जाने हैं। इसके अलावा, दिव्यांगजनों को 40 सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र छात्राओं को पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) 2,53,211 छात्र-छात्राओं के खातों में पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से 54.38 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की धनराशि हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन शादी प्रोत्साहन योजना के तहत नवविवाहित दिव्यांग दंपत्तियों को 35,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है और शादी के पंजीकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। शल्य चिकित्सा योजना के तहत कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए 6 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में केवल 10 बचपन डे केयर सेंटर थे, लेकिन वर्तमान में यह संख्या बढ़ाकर 25 कर दी गई है। आने वाले समय में प्रत्येक जिले में ऐसे केंद्र खोलने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग पेंशन योजना के तहत पेंशन राशि को 300 रूपए से बढ़ाकर 1,000 रूपए प्रति माह कर दिया गया है, जबकि कुष्ठावस्था पेंशन को 2,500 रूपए से बढ़ाकर 3,000 रूपए प्रति माह कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में दिव्यांगजनों की शिक्षा और पुनर्वास के लिए सरकार विशेष रूप से प्रयासरत है। वर्तमान में 30 विशेष विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, और 20 से अधिक नए विशेष विद्यालयों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। उत्तर प्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां दो दिव्यांग विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत बेटियों की शादी के लिए अनुदान राशि को 150 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही, आय सीमा को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 46,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये और शहरी क्षेत्रों के लिए 56,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। 30 नवंबर, 2024 तक 49,409 लाभार्थियों के खातों में 98.82 करोड़ रुपये की धनराशि ट्रांसफर की जा चुकी है।मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनकी गरिमा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# आजाद समाज पार्टी (काशीराम) जिला टीम ने उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए दंगे के संबंध में जिलाधिकारी गाज़ियाबाद को ज्ञापन दिया

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

इस ज्ञापन में पार्टी ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्थानीय प्रशासन के गलत मैनेजमेंट की निंदा की है और इस घटना की निष्पक्ष जांच मान्य सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की है।इस दंगे में चार नवयुवकों की जान चली गई और कई आम नागरिक और पुलिसकर्मी घायल हुए। अनुचित रवैये के कारण लोगों में भय बना हुआ है और यहां की स्थिति आज भी बिगड़ी हुई है। बाहरी लोगों का आना-जाना बंद है, स्कूल कॉलेज एवं बाजार भी बंद हैं और आम जनता परेशान है। पुलिस द्वारा अज्ञात के नाम पर घरों में घुसकर निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है और कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से खराब हो गई है। बसपा के स्टार प्रचारक व महानगर महासचिव मोहित सूद व प्रियंका सूद (पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी) के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने थामा असपा का दामन कुछ समय से तो बसपा को छोड़ असपा मे शामिल होने की होड़ सी लग गई है बसपा के स्टार प्रचारक व महानगर



सचिव रहे मोहित सूद अपनी धर्मपत्नी प्रियंका सूद (पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी) सैकड़ो कार्यकताओं के साथ आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में शामिल हुए बसपा के सक्रिय नेता होने की वजह से गाजियाबाद मे बसपा को बहुत नुकसान हुआ है सूद अपने समाज के एक सम्मानित लोगों में आते हैं इससे असपा को गाजियाबाद जिले में वाल्मीकि समाज मे बहुत मजबूती मिलेगी अभी हाल फिलहाल में ही गाजियाबाद विधानसभा का उपचुनाव खत्म हुआ है जिसके प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी द्वारा बहुत मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जिससे पार्टी का बहुत प्रचार हुआ व चुनाव चिन्ह केतली घर-घर पहुंचाने में सफल रहे उसी का फायदा शायद मोहित सूद उठाना चाहते हैं अपनी धर्मपत्नी प्रियंका सूद को असपा में शामिल कराकर उनको पार्षद का उप चुनाव वार्ड नंबर 19 से लड़ाना चाहते हैं उनके वार्ड में वाल्मीकि समाज का करीबन 5000 के आसपास वोट है साथ में जाटव समाज जो असपा के साथ खड़ा हो चुका है इसका फायदा लेना चाहते हैं इसलिए वह दलबल के साथ में असपा में शामिल हुए हैं गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में करारी हार की वजह से बसपा उपचुनाव लड़ाना नहीं चाहती व इनका कोई बड़ा नेता प्रचार के लिए भी नहीं आता इसी वजह से सूद असपा मे शामिल हुए हैं क्योंकि पूरे गाजियाबाद ने देख लिया आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद (सांसद नगीना) अपनी पार्टी के प्रचार के लिए डोर टू डोर जाकर प्रचार करते हैं जिससे उम्मीदवार का हौसला अवजाई होती है आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आजाद समाज पार्टी गाजियाबाद के समस्त कार्यकताओं ने एम एम जी हॉस्पिटल गाजियाबाद मैं फल वितरण किया मुख्य रूप से उपस्थित थे सत्यपाल चौधरी (सदस्य राष्ट्र कोर कमेटी प्रभारी राजस्थान) कपिल आजाद प्रदेश सचिव, गुलजार सिद्दीकी (सदस्य राष्ट्र कौर कमेटी) मनोज जाटव (जिला अध्यक्ष) जितेंद्र सिद्धार्थ (महानगर अध्यक्ष) राहुल छजलानी, पुष्पेंद्र जाटव, एन डी खान, संजीव एडवोकेट (जिला अध्यक्ष भीम आर्मी) शैलजा गौतम, अशोक सम्राट, प्रवीण कुमार, रवि कमांडो, गुल्लू, रघु भाई, मोहित सूद, दानिश, अफजल सिद्दीकी, प्रशांत चौधरी, पवन शर्मा, इंद्रजीतसिंह, रविंद्र, गौरव, राहुल आदि कार्यकर्ता थे

# इंग्रहाम इंस्टिट्यूट इंगलिश स्कूल में मनाया गया क्रिसमस कार्यक्रम

## बच्चों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

मंगलवार को महानगर स्थित इंग्रहाम इंस्टिट्यूट इंग्लिश स्कूल के ऑडिटोरियम में क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक विंग कमांडर पी जेथ्रो ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानचार्य अपर्णा रूथ ने मुख्यातिथि का स्वागत ईको फ्रैंडली बुके दे कर किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही बटोरी। जिसमें बच्चों का फ्रेंच गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 4 व 5 के छात्र-छात्राओं ने फैंसी ड्रेस शो प्रस्तुत किया। यीशु स्स्तुति में भी छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत गान और मनोरंजक नृत्य प्रस्तुत किया जिस



की ताल पर दर्शकगण झूम उठे। कक्षा 11 के छात्र छात्राओं के द्वारा श्रीमती मनीषा बदल के निर्देशन में कुकिंग विदाउट फायर के अन्तर्गत कहीं व्यंजन बनाए गए। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह से विद्यालय को नाना प्रकार की घंटियों, तारों व पुष्पों झालरों से सजाया। मुख्य आकर्षण का केंद्र क्रिसमस ट्री की सजावट व सांता क्लाज द्वारा वितरित किए गए उपहार रहे। यह त्योहार विश्व भर में फैले ईसा मसीह के करोड़ों अनुयाइयों के लिए पवित्रता का संदेश लाता है तथा उनके बताए हुए मार्गों व वह उच्च आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि पी जेथ्रो ने बताया कि प्रभु ईसा मसीह का जन्म इसी दिन हुआ था। इसी खुशी में क्रिसमस का पावन पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर एनी इकाइयों के पदाधिकारी भी प्रस्तुत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक अध्यापिकाओं अलिनी सिंह, अजय पी सिंह, अरविंद कुमार, पूनम शर्मा आदि का कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानचार्या अर्पणा रूथ ने सभी का आभार प्रकट करते हुए क्रिसमस की शुभकामनाएँ दीं।

# जो बांग्लादेश में हो रहा है, वो ही असली इस्लाम है-महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी

## इस्लाम का असली चेहरा विश्व के समक्ष रखने के लिये विश्व धर्म संसद अति आवश्यक सन्तो से महाकुम्भ में वैभव प्रदर्शन के स्थान पर धर्म व मानवता की रक्षा पर चिंतन करने का आह्वान

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

विश्व धर्म संसद की तैयारी के लिए हरिद्वार आये शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने आनंद भैरव मंदिर,श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े से सनातन धर्म के सभी सन्तो से इस्लामिक जिहाद के खतरे को सम्पूर्ण विश्व के समक्ष लाने के लिये महाकुम्भ में गम्भीर विचार मंथन करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि महाकुम्भ को वैभव प्रदर्शन का स्थान बनाने के बजाय सनातन धर्म और सम्पूर्ण मानवता की रक्षा हेतु गम्भीर विचार मंथन के लिये प्रयोग करना चाहिए



महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के साथ विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ उदिता त्यागी व यति अभयानंद जी भी थे।महंत महाकाल गिरी व अन्य सन्तो के साथ एक वीडियो जारी करके महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि आज जो बांग्लादेश के हिन्दुओ के साथ हो रहा है,वो ही असली इस्लाम है।असली इस्लाम केवल वहां दिखाई देता है,जहां मुसलमान बहुसंख्यक होते हैं।जहाँ मुसलमान अल्पसंख्यक होते हैं, वहाँ वो झूठ बोलकर बहुसंख्यक समाज को दिग्भ्रमित करते हैं और अपनी जनसंख्या भयंकर तरीके से बढ़ा कर उस देश पर कब्जा करते हैं।इसका सबसे ताजा उदाहरण बांग्लादेश में हो रहा हिन्दू नरसंहार है।जो आज बांग्लादेश में हो रहा है,वो बहुत जल्दी भारत मे होगा।भारत पर कब्जा करके इस्लाम के जिहादी सम्पूर्ण विश्व को इस्लामिक करने के लिये लड़ाई लड़ेंगे।इन सब तथ्यों पर चर्चा करने के लिये ही विश्व धर्म संसद की अति आवश्यकता है।

# नवनिर्वामित शहर विधायक संजीव शर्मा का महाराजा अग्रसेन वाटिका पर हुआ भव्य स्वागत

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

कवि नगर महाराजा अग्रसेन वाटिका पर शहर विधायक संजीव शर्मा की प्रचंड जीत की खुशी पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने वर्षों से निरंतर चला आ रहा भंडारे का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात महाराजा अग्रसेन जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में शहर विधायक संजीव शर्मा का भव्य अभिनंदन किया गया इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि संस्था की ओर से चलाए जा रहे समाज सेवा के कार्य उत्कृष्ट है मैं प्रभावित हुआ हूँ कि ऐसे जनकल्याण के कार्य क्षेत्र में होते रहने चाहिए। महाराजा अग्रसेन जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष संदीप सिंघल ने कहा कि यह शहर के लिए गौरव की बात है कि ऐसे सरल व्यक्तित्व के धनी संजीव शर्मा



शहर का नेतृत्व करेंगे परमार्थ सेवा ट्रस्ट के संस्थापक वीके अग्रवाल ने बताया कि संस्था की ओर से भूखे को अन्न प्यासे को पानी की प्राथमिकता रहती है जो संस्थाओं के माध्यम से सुचारू रूप से चल रही है आज हमें खुशी है कि आज के भंडारे का शुभारंभ शहर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में हो रहा है और पात्र उसका आनंद ले रहे हैं इस अवसर पर संस्थाओं ने शहर विधायक संजय शर्मा को चुनरी फूलों की मालाओं से भव्य अभिनंदन किया।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई ,समयनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह प्रतिदिन अपने नियमित समय प्रातः10:00 बजे से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करते है। इस दौरान आज डे ऑफिसर के रूप में एडीएम ई रणविजय सिंह उपस्थित रहे। बताते चले कि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एक समयनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में जाने व पहचाने जाते हैं। वे प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचते है जिससे उनकी समयनिष्ठता का







पता चलता है तो वहीं अधिकारियों,कर्मचारियों द्वारा सही कार्य ना करने पर उन पर सख्त कार्यवाही करते है जिससे उनकी संवेदनशील अधिकारी के रूप में पहचान होती है तो किसी कार्य के निस्तारण के आदेश देने के उपरान्त देरी होने पर या लापरवाही या गुणवत्ता से समाधान ना होने पर सम्बंधित को दण्डित करते हुए अपने कार्यालय पर बैठाकर उनसे शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान करवाया जाता है जिसमें उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा दिखाई देती है। प्रतिदिन की तरह आज भी उनके द्वारा कई शिकायतकर्ता पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।

# सर्वोदय कन्या विद्यालय नंबर 2 मनोवर पार्क शाद्र दिल्ली।




**संस्कार उजाला**

विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस (International Day of Persons with Disabilities) के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में विकलांगता के प्रति जागरूकता और सहानुभूति का भाव विकसित किया गया स्थानः विद्यालय प्रांगण (प्रार्थना सभा स्थल इस अवसर पर सभी साथी के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रोग्राम में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मार्गदर्शन बच्चों के लिए प्रेरणादायक उद्धरण बना।

# दिनेश कुमार गोयल एमएलसी दिखाएगें साबरमती फिल्म।



**संस्कार उजाला**

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

दिनेश कुमार गोयल अपने समर्थकों, भाजपा पार्टी कार्यकताओं के साथ दिनांक 04 दिसम्बर 2024 को वी0वी0आईपी मॉल राजनगर एक्सटैशन में गुजरात के दंगो पर आधारित ह्लद साबरमती फाइलह्ल फिल्म दिखाएगें। दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा गया कि इस फिल्म को देखने से गुजरात दगों को लेकर जो लोगों के मन मे सवाल है उनकी हकीकत का पता चलेगा। इस फिल्म को प्रत्येक व्यक्ति को देखना चाहिए।

# उपेंद्र गोयल को एआईएमओ का अध्यक्ष चुने जाने पर संजीव गुप्ता ने दी बधाई

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध उधोगपति एवं समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने उपेंद्र गोयल को भारतीय निमार्ता संघ का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। उत्तर प्रदेश के मेरठ रोड स्थित कार्यालय में अध्यक्ष के चुनाव में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रसिद्ध उद्यमी उपेंद्र गोयल को निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर संजीव कुमार गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि उपेन्द्र गोयल के



अध्यक्ष चुने जाने पर संगठन को बहुत बल मिला है। क्योंकि वह बहुत ही सुलझे हुए और दूरदर्शी एवं ऊजार्वान व्यक्तित्व के धनी है। तथा उनका निर्विरोध चुना जाना उनकी लोकप्रियता को दशार्ता है। अखिल भारतीय निमार्ता संघ उत्तर प्रदेश का सबसे पुराना औद्योगिक संगठन है जिसके अध्यक्ष पद पर पूर्व में आनेको प्रतिष्ठित उद्योगपति रह चुके हैं। संजीव कुमार गुप्ता ने आशा व्यक्त की है कि उपेन्द्र गोयल के नेतृत्व का उधोग जगत को बहुत लाभ प्राप्त होगा। क्योंकि आज के समय हमें ऐसे ही ऊजार्वान नेतृत्व की आवश्यकता होती हैं। और उपेन्द्र गोयल इस जिम्मेदारी का बहुत ही शानदार और सफलता पूर्वक निर्वाहन करेंगे।

# मोबाइल टावर से डिवाइस चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार:

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद** क्राइम ब्रांच ने पंजाब के रहने वाले इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब और मध्य प्रदेश जैसे प्रदेशों में जियो और एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चोरी करता था. गाजियाबाद पुलिस की तरफ से इस पर 20000 रुपये का इनाम घोषित था। इसके कब्जे से 15 लाख का माल बरामद हुआ है।गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि पकड़े गए आरोपों का नाम कृपाल उर्फ सोनू है। यह मूल रूप से मोगा पंजाब का रहने वाला है। आरोपी आठवीं क्लास तक पढ़ा है उसके बाद 2022 में इसने 5ॠ इंटरनेट सेवा देने के लिए केबल लगाने का काम शुरू किया। इसी दौरान यह अपने साथियों के साथ केबल को चुराकर उसमें से कॉपर निकालकर बेचने लगा। धीरे-धीरे यह उस गैंग के संपर्क में आ गया जो मोबाइल टावर से महंगा सामान जैसे आर आर यूनिट या बैटरी चुराते हैं। इसके बाद इसने अपना गिरोह बना लिया जो मोबाइल टावर से रेडियो रिसीवर यूनिट बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी करके बेचने लगा। यह सामान बहुत महंगे होते हैं इनको चुराना काफी आसान होता है और ट्रांसपोर्ट करने में भी कोई दिक्कत नहीं आती। इसके कब्जे से 15 लख रुपए कीमत की मोबाइल टावरों की दो रेडियो रिसीवर यूनिट बरामद की है। गाजियाबाद पुलिस की तरफ से इस पर 20000 रुपये का इनाम था।

# नव निर्वाचित विधायक संजीव शर्मा को दी बधाई

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**



शपथ लेने के बाद विधायक संजीव शर्मा का लखनऊ से ही स्वागत अभिनंदन के साथ बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ और अब सभी मंडलों में बड़े जोर शोर से जारी है। उसी कड़ी में भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा का स्वागत बुके देकर किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष रहते हुए और विधायक का टिकट घोषित होने के बाद मिले अभूतपूर्व सहयोग के लिए विधायक संजीव शर्मा ने खुले मन से प्रदीप चौधरी की पीठ थपथपाई और उनके संगठनात्मक कार्य की प्रशंसा की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011